दैनिक
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार
वर्ष : 11 अंक : 55 | डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 | जयपुर, रविवार 15 मार्च, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | मूल्य : 1.50 रुपए | पृष्ठ : 8+St

## देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में वैश्य समाज का अहम योगदान : भजनलाल शर्मा

### भांकरोटा में अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक कालीचरण सराफ सहित वैश्य समाज के सभी बड़े प्रबुद्ध जन रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोर देकर कहा कि राजस्थान और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में वैश्य समाज का अग्रणी योगदान रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में देश और दुनिया के कोने-कोने से आए वैश्य समाज के लोगों को प्रदेश में निवेश करने करने की अपील की। मुख्यमंत्री शर्मा ने वैश्य समाज के युवा और महिलाओं से भी कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को उद्योग स्थापित करने के लिए एक करोड़ रुपए ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध करवा रही है इसलिए युवा सरकार की इस योजना का फायदा उठाएं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को भांकरोटा में अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे । मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि देश की आजादी के बाद प्रदेश में छोटे-छोटे उद्योग की स्थापना से लेकर बड़े-बड़े उद्योग लगाने के मामले में वैश्य समाज की बड़ी भूमिका रही जिसकी वजह से देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को लगातार मजबूती मिलती रही उन्होंने कहा कि वैश्य समाज प्रदेश और मिलती रही उन्होंने कहा कि वैश्य समाज प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था की रीड की हड्डी है ।



### देश और दुनिया भर में व्यापार और विभिन्न क्षेत्रों में वैश्य समाज के लोगों ने खुद को साबित किया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वैश्य समाज का आजादी से पहले और आजादी के बाद व्यापार, सामाजिक सरोकारों के कार्य, मानवता और भलाई के के कार्यों में अहम योगदान रहा व्यापार के साथ-साथ वैसे समाज के लोग जरूरतमंद लोगों की सेवा में भी आगे रहे हैं और देश के अलावा दुनिया के कई देशों में विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार, शिक्षा, संस्कृति, कला, उद्योग,विज्ञान,खेल, चिकित्सा फिल्म उद्योग इत्यादि सभी में खुद को साबित किया है । उन्होंने कहा कि जब वे देश में कई शहरों में गए और देश के अलावा बाहर के देशों में भी गए तो वहां पर बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों में अपना नाम कमा रहे है। वैश्य समाज के लोगों को देखकर उन्हें काफी गर्व महसूस हुआ। उन्होंने कहा कि पुराने जमाने में जब भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था तब भी अर्थव्यवस्था में और व्यापार में वैश्य समाज का बड़ा योगदान था और आज भी वैश्य समाज का सामाजिक सरोकारों के कार्यों और व्यापार जगत में अग्रणी योगदान है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पहले की सरकारें चेहरा देखकर उद्योग लगाने की अनुमति देती थी जिसकी वजह से भ्रष्टाचार की संभावना ज्यादा रहती थी लेकिन हमारी सरकार ने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 34 नीतियां बनाई है जिनके माध्यम से हमारी सरकार ने प्रदेश में उद्योगों का एक नया माहौल बनाने की दिशा में क्रांतिकारी पहल की है। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ रुपए के जो समझौते हुए उनमें 8 लाख करोड़ के समझौते धरातल पर आ गए हैं। हमारी सरकार ने युवाओं के लिए भी अलग से नीतियां बने हैं और युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगार परख बनाने के लिए कई बड़े फैसले और निर्णय लिए हैं जिसमें युवाओं को ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध करवाया जा रहा है। तथा युवाओं को रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में उद्योगों का माहौल बनाने के लिए देश और विदेश के इन्वेस्टरों के लिए कई बड़े फैसले और सुविधाएं सुनिश्चित की है ।

### रोड मैप तैयार करके किसान, उद्योगपति, महिला और युवाओं का कर रहे विकास

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही हमने प्रदेश के विकास को गति देने के लिए रोड मैप तैयार किया जिसमें किसान युवा महिला मजदूर और उद्योगों के कल्याण और विकास के लिए हमने कई बड़े फैसले और निर्णय लिए हमने सरकार के प्रथम साल में पानी के क्षेत्र में कई बड़े निर्णय लिए इसके बाद बिजली उद्योग के विकास के लिए कई बड़े फैसले और निर्णय लिए प्रदेश में उद्योगों का अच्छा माहौल बने इसके लिए हमने पानी बिजली रोड कनेक्टिविटी रेल यातायात और हवाई यातायात को भी मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य किया है जिसके माध्यम से अच्छे रिजल्ट भी देखने को मिल रहे हैं लोग यहां पर निवेश करने के लिए जबरदस्त रुचि दिखा रहे हैं आने वाले सालों में पानी के क्षेत्र में देश में राजस्थान किसी भी स्टेट से पीछे नहीं रहेगा : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि हमने अपने शासनकाल के पहले ही साल में रामसेतु जल परियोजना, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी गंग नहर नर्मदा नहर, इत्यादि कई बड़े फैसले लिए हैं जिनकी वजह से प्रदेश के किसी भी जिले में आने वाले सालों में पानी की कोई कमी नहीं रहेगी और राजस्थान पानी के मामले में पूरे देश में किसी भी स्टेट से पीछे नहीं रहेगा उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री होने के नाते भी यह अच्छी तरह से जानते हैं कि उद्योगों के लिए पानी और बिजली दोनों बड़ी जरूरत होती है इसलिए हमने अपनी और बिजली के क्षेत्र में जोरदार कार्य किया है द्य

## भजनलाल शर्मा ने खुद झाड़ू लगाई और कहा - पीएम मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान को बनाया जन आंदोलन

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अल्बर्ट हॉल पर खुद झाड़ू लगाकर प्रदेश भर में स्वच्छता संकल्प एवं जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया, इस मौके पर प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास भी रहे मौजूद




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को अल्बर्ट हॉल से प्रदेश वापी स्वच्छता संकल्प एवं जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खुद अपने हाथों से झाड़ू लगाई और प्रदेश के लोगों को यह संदेश देने का प्रयास किया कि हर घर गली मोहल्ला साफ रहने पर ही राजस्थान 2047 तक विकसित राजस्थान बन सकेगा इसलिए प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छ राजस्थान अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें । इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को पीपीई किट का भी वितरण किया इसके अलावा प्रधानमंत्री स्वयं निधि योजना के तहत लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक भी दिए। मुख्यमंत्री शर्मा ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा रामनिवास बाग में पौधारोपण भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व में 30 मार्च 1949 को भारतीय नव वर्ष की क्षेत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र इंद्रयोग में बृहदराजस्थान की स्थापना की गई थी इसलिए हमने पिछले वर्ष राजस्थान दिवस को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर मनाने का निर्णय लिया था इस वर्ष 19 मार्च को यह गौरवशाली दिवस पूरे प्रदेश में उल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान दिवस के भव्य आयोजन की शुरुआत स्वच्छता कार्यक्रम से हुई है हमारा संकल्प है कि राजस्थान न केवल आर्थिक रूप से समृद्ध हो बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य के मामले में भी देश का अग्रणी राज्य बने उन्होंने कहा कि राजस्थान महल, फोर्ट, झील, रेगिस्तान, अभ्यारण की ऐतिहासिकता और ऐतिहासिक प्रदेश है इसलिए बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं यहां विविधता में भी एकता है ।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान प्रारंभ कर स्वच्छता को पूरे प्रदेश में जन आंदोलन का रूप दिया है यह मिशन केवल सड़कों और नालियों की सफाई तक ही सीमित नहीं है बल्कि इससे लोगों के व्यवहार में भी बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 और विकसित राजस्थान 2047 का सपना तभी साकार होगा जब हर घर गली पार्क और स्मारक स्वच्छ होगा उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत अब तक देश भर में 12 करोड़ से अधिक शौचालय का निर्माण किया जा चुका है इससे महिलाओं की सुरक्षा तथा सम्मान बड़ा है यह अभियान नागरिकों को घर और सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता स्वास्थ्य की आधारशिला पर्यावरण संरक्षण की कुंजी और आर्थिक प्रगति का आधार है स्वच्छता के लिए आयोजित किए गए विशेष कार्यक्रम : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेशवासियों को स्वच्छता से जोड़ने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए हैं जल महल की पाल और मानसरोवर सिटी पार्क में स्वच्छता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा चुके हैं इसी क्रम में अल्बर्ट हॉल से राजस्थान दिवस के उपलक्ष में स्वच्छता कार्यक्रम की शुरुआत की गई है ।


## पंजाब में हमारी सरकार बनने पर धर्म परिवर्तन बिल लेकर आएंगे: केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को पंजाब में विधानसभा चुनाव प्रचार का बिगुल बजा दिया है अमित शाह ने शनिवार को किल्ली चहला गांव में आयोजित जनसभा में जोर देकर कहा कि अगले साल पंजाब में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में अगर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है तो भाजपा सरकार धर्म परिवर्तन बिल लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि पहले पंजाब में हम अकाली दल का जूनियर पार्टनर बनकर चुनाव लड़ चुके हैं लेकिन अब हम अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेंगे और चुनाव जीतेंगे । उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता ने कांग्रेस, अकाली दल और आम आदमी पार्टी को सरकार बनाने का मौका दिया लेकिन पंजाब के हालात आज किसी से छुपे हुए नहीं है। पंजाब में नशे का कारोबार, धर्म परिवर्तन, भ्रष्टाचार और गैंगस्टर का आतंक जबरदस्त तरीके से छाया हुआ है जिसकी वजह से पंजाब की हालत दिनों दिन खराब होती जा रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने सरकार बनने पर 25 लाख नौकरी देने का वादा



किया था 16 मेडिकल कॉलेज खोलने का वादा किया था। 16000 मेडिकल की दुकान खोलने का वादा किया था और भी बहुत से वादे किए थे लेकिन उन वादों का क्या हुआ आज तक पंजाब सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया। पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार सिर्फ केजरीवाल की एटीएम बनकर रह गई है। अमित शाह ने कहा कि पंजाब में वोट बैंक की राजनीति के चलते जबरन धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है। हमारी सरकार बनने पर हम पंजाब में धर्म परिवर्तन कानून लेकर आएंगे और नशाखोरी भ्रष्टाचार और गैंगस्टर का खात्मा करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की वजह से आज देश में आतंकवाद नक्सलवाद खत्म हो चुका है। हमारी सरकार ने धारा 370 हटाई इसके बाद जम्मू कश्मीर में विकास की एक नई गंगा बह रही है हम पंजाब में भी विकास की एक नई गंगा बहाने की दिशा में काम करेंगे इसके लिए एक बार पंजाब की जनता को भारतीय जनता पार्टी को मौका देना ही होगा। उन्होंने पंजाब की जनता से अपील की कि आपने सभी पार्टियों को सरकार बनाने का अवसर दिया है एक बार आप भारतीय जनता पार्टी को भी सरकार बनाने का मौका दें पंजाब की दशा और दिशा दोनों बदल देंगे और एक खुशहाल पंजाब पूरे देश में नजर आएगा।




## भजनलाल शर्मा की भीषण गर्मी में प्रदेश के लोगों को पेयजल उपलब्ध करवाने की ठोस पहल, जिला कलेक्टर और अधिकारियों के साथ किया संवाद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भीषण गर्मी में प्रदेश के सभी लोगों को पेयजल उपलब्ध करवाने की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ठोस पहल शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री शर्मा जानते हैं कि इस बार भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है ऐसे में पानी को लेकर भीषण संकट के हालात कई जगहों पर पैदा हो सकते हैं इसलिए इस संभावित संकट को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा ने शनिवार को कई जिलों के कलेक्टर, जन स्वास्थ्य विभाग के इंजीनियर और अधिकारियों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, जोधपुर इत्यादि जिलों के जिला कलेक्टर के साथ पेयजल व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री शर्मा ने जिला कलेक्टरों से गर्मी में कैसे और किस तरह से लोगों को पानी की समुचित व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी इसके बारे में जानकारी हासिल की इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से क्या कदम उठाए जा रहे हैं, क्या तैयारी की जा रही है ,इन सब के बारे में जिला कलेक्टर से फीडबैक लिया ।इसके अलावा मुख्यमंत्री शर्मा ने जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से भी प्रदेश में विभिन्न पेयजल प्रोजेक्ट के बारे में फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने जिलेवार गर्मी में पेयजल उपलब्ध करवाने की व्यवस्था के बारे में अधिकारियों से चर्चा की और



पेयजल उपलब्ध करवाने की तैयारी के बारे में भी फीडबैक लिया ।मुख्यमंत्री ने बैठक में उन जिलों में जहां दुर्गम और पहाड़ी इलाके हैं जहां रेगिस्तान हैं जहां पेयजल की भारी किल्लत रहती है जहां पर टैंकर इत्यादि से भी जरूरतमंद लोगों तक पानी पहुंचाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है वहां पर कैसे और किस तरह से लोगों तक पानी पहुंचाया जाए इसके बारे में मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों से चर्चा की और उनसे पेयजल उपलब्ध करवाने की तैयारी और योजनाओं के बारे में भी सवाल जवाब किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने जिला कलेक्टर और विभागीय अधिकारियों से साफ कहा है कि अगर जरूरत हो तो समय से पहले ही ट्रेन इत्यादि के माध्यम से पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा सकती है इसलिए प्रशासन को पहले ही सभी तरह की तैयारी कंप्लीट करनी होगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने साफ कहा है कि सरकार पानी उपलब्ध करवाने के लिए बजट और संसाधन में कोई भी कमी नहीं आने देगी लेकिन पानी की व्यवस्था के लिए जारी किए जा रहे सरकारी पैसे का सदुपयोग हो और हर जरूरतमंद लोगों तक पीने का पानी पहुंचे यह प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों की पहली जिम्मेदारी होगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए और कहा कि आने वाले तीन से चार महीने पानी के लिए काफी चुनौती पूर्ण साबित हो सकते हैं इसलिए अगर पहले से ही हम सही योजना और तैयारी करके रखेंगे तो इस तरह की बड़ी समस्या और चुनौती पैदा ही नहीं होगी इसलिए हमें पहले से ही पूरी तरह से पेयजल उपलब्ध करवाने की एक ठोस योजना और संसाधन एकत्रित करके रखते होंगे ताकि एनमौके पर ज्यादा माथा फोड़ी और परेशानी का सामना करना नहीं पड़े। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश के सभी जिलों में गर्मी के दिनों में पेयजल उपलब्ध करवाने को लेकर काफी गंभीर और चौकस नहीं है बल्कि उन्होंने शनिवार को जिला कलेक्टरों और संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक आयोजित करके हर हाल में लोगों को समुचित पीने का पानी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं ।

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
15 मार्च, 2026


## राजकीय बालिका विद्यालय में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, देवी जी गली मुंशी बाग में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन वार्ड के पूर्व पार्षद घनश्याम सोनी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्य ज्योति गुप्ता द्वारा उद्घाटन प्रतिवेदन प्रस्तुत कर की गई। शिविर के पहले दिन स्वयंसेविकाओं ने विद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया और आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के साथ-साथ समाज में व्याप्त विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के प्रति सचेत रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं मंजीत कुमारी, रितु अनेजा तथा शिक्षक लक्ष्मणराम, अश्विनी कुमार सहित विद्यालय की छात्राएं मौजूद रहीं। सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक व स्वच्छता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के तहत 16 मार्च को प्रातः 10 बजे कोर्ट परिसर एवं मूसी महारानी की छतरी पर साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। शिविर की कार्यक्रम प्रभारी संगीता गुप्ता हैं।

## महंगाई व रसोई गैस की कालाबाजारी के विरोध में कांग्रेस का धरना



जयपुर टाइम्स

**थानागाजी(निसं.)।** बेलगाम महंगाई और रसोई गैस की बढ़ती कालाबाजारी के विरोध में शनिवार को थानागाजी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा ने किया। युवा नेता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि बढ़ती महंगाई के कारण आम जनता की रसोई पर संकट गहरा गया है। जिले में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी बढ़ने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एलपीजी गैस प्राप्त करने के लिए लोगों को लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है, वहीं छोटे व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे हैं। धरने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कालाबाजारी पर रोक लगाने और आमजन को राहत देने की मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी जनहित में संघर्ष को और तेज करेगी। धरना-प्रदर्शन में टहला ब्लॉक अध्यक्ष हनुमान सहाय शर्मा, चेयरमैन चौथमल सैनी, उप चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश शर्मा, संगठन मंत्री मुरलीधर पांडे, प्रकाश बुधपुरा, एसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष धर्मवीर वर्मा, रामकिशोर सैनी, मनीष गंगावत, महेश जांगिड़ सहित कई कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा 15 व 16 मार्च को जिले के दौरे पर रहकर करेंगे विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत तथा जिला अधिकारियों की लेंगे बैठक

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा एवं जन अभियोग निराकरण विभाग मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा 15 व 16 मार्च को जिले के दौरे पर रहेंगे। कार्यक्रमानुसार कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा 15 मार्च को दोपहर 1 बजे अलवर में कन्या छात्रावास में भामाशाह अभिनन्दन समारोह एवं दोपहर 3 बजे दशहरा मैदान में हसन खॉ मेवाती शहीद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसी प्रकार 16 मार्च को प्रातः 11 बजे मिनी सचिवालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में अलवर एवं खैरथल-तिजारा जिले के जिला अधिकारियों की बैठक लेंगे।

## 19 से 21 मार्च को होगा चूरू महोत्सव 2026

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला प्रशासन की ओर से राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर चूरू जिले की विशिष्ट पहचान 'पंच गौरव संग चूरू महोत्सव -2026' का अयोजन 19 से 21 मार्च तक बागला स्कूल खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 मार्च को प्रातः 07.30 बजे गढ़ परिसर से विरासत कार्निवल यात्रा (शोभायात्रा) के साथ चूरू महोत्सव का शुभारंभ होगा। चूरू महोत्सव 2 सत्रों में आयोजित होगा। प्रातः कालीन सत्र में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे मिस, मिस्टर और मिसेज चूरू प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता (एकल व समूह), स्पॉट शॉर्ट वीडियो/रील प्रतियोगिता, पारम्परिक परिधान प्रतियोगिता, ऊंट सजाओ प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता, लोक गीत प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, साफा बांधना प्रतियोगिता, वादन प्रतियोगिता, स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता, रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चंग-ढ़प प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आमजन के लिये जारी लिंक पर विजिट कर अपना पंजीयन कर सकते हैं। इसी के साथ सायंकालीन सत्र में 19 मार्च को सायं 6.15 बजे से शमा फोक म्यूजिक बैंड जैसलमेर की ओर से राजस्थान लोक संगीत, विश्व प्रसिद्ध ट्रम्पैट प्लेयर आमिर बिहाणी, क्रेजी हॉपर्स व बॉलीवुड सूफी फ्यूजन रॉक बैंड आदि सांसकृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इसी क्रम में 20 मार्च को सायं 6.15 से चूरू की स्वर कोकिला कोक स्टूडियो फ्रेम भंवरी देवी व डिवाइन लाइव कंसर्ट की प्रस्तुतियां होगी तथा 21 मार्च को सायं 6.15 बजे से राजस्थानी लोक गायिका मरू कोकिला सीमा मिश्रा की ओर से शानदार प्रस्तुतियां दी जाएगी। इसी के साथ 17 मार्च से बागला खेल मैदान के सामने स्थित चूरू चौपाटी में एक जिला-एक उत्पाद मेला व राजसखी मेले का भी आयोजन किया जाएगा।

## नगर परिषद् सभा स्थल से जिला स्तरीय स्वच्छता अभियान का गरिमामयी शुभारंभ, स्वच्छता शपथ के साथ सामूहिक श्रमदान

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** राजस्थान दिवस के आगामी आयोजनों की श्रृंखला में शनिवार को जिला स्तरीय स्वच्छता एवं संकल्प जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। लक्ष्मी नारायण मंदिर स्थित नगर परिषद् सभा स्थल में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक किशनगढ़ बास रामहेत यादव एंव अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता शपथ एवं प्लास्टिक मुक्त भारत शपथ दिलाकर अभियान की शुरुआत की, इसके पश्चात लक्ष्मी नारायण मंदिर स्थित पार्क की साफ सफाई भी की गई।

समारोह का प्रारंभ स्वच्छता शपथ के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित जनप्रतिनिधियों, आमजन, राजकीय अधिकारियों, कर्मचारियों



एवं सफाई कर्मियों ने नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक किशनगढ़बास ने उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया और प्रत्येक नागरिक को इस अभियान का सक्रिय सारथी बनने हेतु प्रेरित किया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस के रूप में अत्यंत उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष मुख्य समारोह 19 मार्च को आयोजित होगा, जिसके उपलक्ष्य में 14 मार्च से ही विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सप्ताह के माध्यम से न केवल वातावरण को परिष्कृत किया जा रहा है, बल्कि यह आयोजन प्रदेश की सांस्कृतिक गरिमा और विकास के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। राजस्थान दिवस के उपलक्ष में 15 मार्च को प्रातः 8 बजे पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल से विकसित राजस्थान रन का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। विकसित राजस्थान रन की शुरुआत पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल से शुरू होकर फाटक, तिरंगा मार्केट,पुरानी अनाज मंडी होते हुए जिला सचिवालय खैरथल पहुंचेगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने समस्त नागरिकों को इस आयोजन में ससम्मान आमंत्रित किया है ताकि जन-भागीदारी के माध्यम से इस उत्सव को भव्यता प्रदान की जा सके। उन्होंने बताया कि 19 मार्च तक चलने वाले इन कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश पूर्व में ही जारी किए जा चुके हैं, जिनका अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, उम्मेद सिहं भाया, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, ओमप्रकाश मांधू, नगर परिषद पार्षद सहित अधिकारी एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

### अलवर राष्ट्रीय लोक अदालत में ऐतिहासिक समझौताः

## मृतक पुलिस अधिकारी के परिवार को मिला 1.02 करोड़ रुपये का मुआवजा



**'यह समझौता न केवल लोक अदालत की 'सुलभ, त्वरित और किफायती न्याय' की अवधारणा को साकार करता है, बल्कि यह वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत की एक बड़ी उपलब्धि है' - जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनंत भण्डारी**

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनंत भण्डारी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में न्याय का एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया गया। एक ऐतिहासिक समझौते के तहत मोटर दुर्घटना दावा (MACT) के एक प्रकरण में पीड़ित परिवार को 1 करोड़ 2 लाख 50 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति राशि का चेक सौंपकर त्वरित राहत प्रदान की गई।

### मामले की पृष्ठभूमि :

यह प्रकरण राजस्थान पुलिस के सहायक उप निरीक्षक (ASI) स्व. लखन सिंह की मृत्यु से संबंधित था। दिनांक 27.07.2023 को लखन सिंह अपने साथियों के साथ बोलेरो वाहन से मुल्जिमान की तलाश में बठिंडा (पंजाब) जा रहे थे। 28 जुलाई की अलसुबह चालक की लापरवाही के कारण वाहन पेड़ से टकरा गया, जिससे ड्यूटी पर तैनात लखन सिंह की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। उनके आश्रितों (दुर्गा बनाम शशि) द्वारा चोलामंडलम जनरल इंश्योरेंस कंपनी के विरुद्ध लगभग 2.42 करोड़ रुपये के दावे की याचिका पेश की गई थी।

समझौते की प्रक्रिया और सहभागिता

रेफरलः अनु चौधरी, न्यायाधीश (अतिरिक्त कार्यभार), MACT अलवर द्वारा लोक अदालत की भावना के अनुरूप समझाइश कर इस मामले को रेफर किया गया।

बेंच की भूमिकाः राष्ट्रीय लोक अदालत की बेंच संख्या 03 की अध्यक्षता कर रहीं ज्योति कुमारी सोनी, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 03, द्वारा दोनों पक्षों के मध्य हुए राजीनामे का सूक्ष्म परीक्षण एवं तस्दीक किया गया।

प्रभावी प्रयासः इस सफल समझौते में प्रार्थी पक्ष के अधिवक्ता सुनील कुमार गुप्ता एवं धोलाराम, तथा बीमा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी दीपक गुप्ता व रोहित जैन का विशेष सहयोग रहा।

त्वरित न्याय और आर्थिक संबलः समझौता स्वीकार होने के तुरंत बाद अध्यक्ष अनंत भण्डारी द्वारा बीमा कंपनी की ओर से 1,02,50,000 का चेक मृतक के वारिसों को सुपुर्द किया गया। 'यह समझौता न केवल लोक अदालत की 'सुलभ, त्वरित और किफायती न्याय' की अवधारणा को साकार करता है, बल्कि यह वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत की एक बड़ी उपलब्धि है।'

## राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की हुई सामूहिक स्वच्छता के साथ सात दिवसीय स्वच्छता सप्ताह की हुई शुरुआत





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का भव्य शुभारम्भ प्रातः मोती डूंगरी पर सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम से 'सात दिवसीय स्वच्छता सप्ताह' की शुरूआत के साथ हुई। अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) बीना महावर एवं नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका की अगुवाई में आयोजित इस सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम में आमजन और नगर निगम के कार्मिकों ने साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। एडीएम शहर ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग है। राजस्थान दिवस के इस पावन अवसर पर हम सब मिलकर अपने शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लें और इसे पूरे सप्ताह तक जारी रखें। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करें और अपने आस-पास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने में योगदान दें। नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि स्वच्छता सप्ताह के दौरान जिलास्तर एवं नगरीय निकायों में विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई गतिविधियां प्रतिदिन आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आमजन, सामाजिक कार्यकर्ता तथा नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी सम्मलित हुए।

## वन राज्यमंत्री ने जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाएं सुनकर अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

### वन राज्यमंत्री ने अलवर शहर में निजी इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम का किया उद्घाटन तथा पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अपने निवास स्थान 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाओं को सुन कर त्वरित निराकरण हेतु अधिकरियों को निर्देशित किया, तत्पश्चात अलवर शहर में निजी इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अपने निवास स्थान 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने जनसुनवाई में आए पेयजल, विद्युत, सडक, साफ-सफाई आदि की परिवेदनाएं लेकर आए फरियादियों की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि फरियादियों की समस्याओं का निराकरण होने पर उन्हें सूचित कर उनके संतुष्टि स्तर में वृद्धि करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन को मूलभूत समस्याओं की प्राथमिकता से सुनवाई करें। वन राज्यमंत्री



संजय शर्मा ने अपने प्रतिदिन के पौधारोपण के संकल्प के तहत आज श्री गुरूनानक वृक्ष वाटिका में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### अलवर शहर में निजी इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम का किया उद्घाटन

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने नए प्रतिष्ठान को अलवर के लिए एक सकारात्मक विकास कदम बताते हुए कहा कि निजी विश्वसनीय ब्रांड्स का विस्तार स्थानीय उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले विद्युत उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स, एयर कंडीशनर, वाशिंग मशीन और स्मार्ट होम सोल्यूशंस आसानी से उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों का उत्साह और नई निवेश पहल शहर के आर्थिक विकास को नई ऊंचाई देती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार स्थानीय उद्यमियों को हर संभव सहयोग और प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान जितेन्द्र राठौड, पं. जले सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी, प्रबुद्ध व्यक्ति, स्थानीय व्यापारी एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## अलवर में फिज़िक्सवाला का टेक-इनेबल्ड ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर शुरू



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** देश की प्रमुख शिक्षा कंपनी Physics Wallah (पीडब्ल्यू) ने राजस्थान में अपने विस्तार को आगे बढ़ाते हुए अलवर में टेक-इनेबल्ड ऑफलाइन पीडब्ल्यू विद्यापीठ सेंटर की शुरुआत की है। यह नया सेंटर विजय मंदिर रोड स्थित स्कीम नंबर-10, बिल्डिंग नंबर-7 की पहली और दूसरी मंजिल, राम नगर में स्थापित किया गया है। कंपनी की ओर से बताया गया कि शहर में छात्रों की बढ़ती मांग को देखते हुए यहां पहले संचालित पीडब्ल्यू पाठशाला सेंटर को अब पूर्ण रूप से ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर में परिवर्तित कर दिया गया है, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर और उन्नत शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर पीडब्ल्यू विद्यापीठ-ऑफलाइन के सीईओ अंकित गुप्ता ने कहा कि पीडब्ल्यू का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को छात्रों के घर के करीब उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा की तलाश में छात्रों को दूसरे शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़नी चाहिए, क्योंकि इससे उन पर मानसिक और आर्थिक दबाव बढ़ता है। अलवर में विद्यापीठ सेंटर शुरू करना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पीडब्ल्यू विद्यापीठ के इन टेक-इनेबल्ड ऑफलाइन केंद्रों में छात्र अनुभवी शिक्षकों से कक्षा में पढ़ाई करते हैं। यहां JEE, NEET और फाउंडेशन कोर्स के साथ-साथ ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाएगी। केंद्र में विद्यार्थियों को रिकॉर्डेड लेक्चर, एनसीईआरटी सामग्री में सहायता, ऑफलाइन डाउट सॉल्विंग, डेली प्रैक्टिस प्रॉब्लम्स, विशेष अध्ययन मॉड्यूल, एक्टिविटी आधारित लर्निंग तथा पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा PW-AITS, स्टूडेंट सक्सेस टीम डेस्क और छात्रों की प्रगति की जानकारी के लिए पैरेंट-टीचर डैशबोर्ड जैसी व्यवस्थाएं भी रहेंगी।

## वांगचुक की रिहाई ने भाजपा की दमनकारी नीतियों को किया बेनकाब; एलपीजी संकट में कांग्रेस के बजाय कालाबाजारी से लड़े भाजपाः टीकाराम जूली, नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा

जयपुर टाइम्स

**अलवर/जयपुर(निसं.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की लगभग 170 दिनों की लंबी और अन्यायपूर्ण हिरासत के बाद हुई रिहाई का हार्दिक स्वागत किया है। केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए जूली ने कहा कि जिस प्रकार वांगचुक पर पहले 'राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (हूस) जैसी कठोर और दमनकारी धाराएं थोपी गईं और अब अचानक उन्हें हटा लिया गया, उसने केंद्र सरकार की मंशा को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। जूली ने जोर देकर कहा कि वांगचुक द्वारा जेल में बिताए गए महीने केवल उनके व्यक्तिगत जीवन की क्षति नहीं, बल्कि समूचे राष्ट्र के लोकतांत्रिक मूल्यों की



अपूरणीय क्षति है। इस केस की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही थी। लोकतंत्र में असहमति कीआवाज को कुचलने का यह प्रयास भाजपा की तानाशाही और सत्ता के अहंकार को दर्शाता है। इसी प्रकार का अन्यायपूर्ण रवैया अंग्रेजी सरकार का भारतवासियों के प्रति था। साफ़ है कि उन्ही के पैरोकार अब सत्ता में हैं तो वैसा ही व्यवहार करेंगे।

ये तरीका लोकतंत्र का गला घोंटने के समान है, और कांग्रेस पार्टी इस तरह के दमनकारी शासन के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी।

**LPG संकट पर सरकार की चुप्पी, कांग्रेस से लड़ने में व्यस्त भाजपा :**

प्रदेश में व्याप्त एलपीजी (LPG) संकट पर राज्य सरकार की संवेदनहीनता को आड़े हाथों लेते हुए जूली ने कहा कि आज राजस्थान की जनता गैस की किल्लत से त्रस्त है, लेकिन भाजपा सरकार जनसमस्याओं के समाधान के बजाय केवल कांग्रेस से लड़ने और विपक्ष को कोसने में अपनी पूरी ऊर्जा व्यर्थ कर रही है। सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए उन्होंने तंज कसा कि 'कांग्रेस से लड़ने के बजाय अगर भाजपा अपनी ऊर्जा कालाबाज़ारी से लड़ने में लगाती तो आज राजस्थान की माताएं, बहनें, मज़दूर,ऑटो चालक, थड़ी -ठेले वाले इस तरह से परेशान न हो रहे होते।' साफ है कि भाजपा का डबल इंजन अपनी प्रशासनिक नाकामियों को छिपाने के लिए वह सिर्फ राजनीतिक शोर मचा रहा है।

**बालोतरा की घटना अत्यंत शर्मनाक, मैनुअल स्कैवेंजिंग पर लगे पूर्ण विराम :**

नेता प्रतिपक्ष ने बालोतरा में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस से तीन मजदूरों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला अब रुकना चाहिए। यह बेहद शर्मनाक है कि 21वीं सदी में भी हमारे श्रमिकों को अपनी जान जोखिम में डालकर सेप्टिक टैंक में उतरकर सफाई करनी पड़ रही है।

सरकार के तमाम दावों के बावजूद मैनुअल स्कैवेंजिंग जैसी अमानवीय प्रथा आज भी पूरी तरह समाप्त नहीं हो पाई है। जूली ने मांग की कि इस घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और मृतक श्रमिकों के परिजनों को उचित आर्थिक मुआवजा तथा हर संभव सहायता प्रदान की जाए।

**दिवंगत श्रमिकों के प्रति संवेदना :**

नेता प्रतिपक्ष ने ईश्वर से दिवंगत श्रमिकों की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिससे भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# देश में तेल और गैस की कोई कमी नहीं, विपक्ष लोगों को भड़का रहा : गजेंद्र सिंह शेखावत

### केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को जोधपुर में जयनारायण विश्वविद्यालय में 'भारत की विश्व विरासत : राजस्थान प्रदर्शनी' का किया उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय मंत्री और जोधपुर सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को जोधपुर में जय नारायण विश्वविद्यालय परिसर मे 'भारत की विश्व विरासत : राजस्थानप्रदर्शनी' का उद्घाटन किया इस मौके पर विश्वविद्यालय की कुलपति, प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे इसके अलावा प्रदर्शनी के आयोजन के तहत पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल होने वाले बड़ी संख्या में प्रतिभागी भी मौजूद थे इस मौके पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जयनारायण विश्वविद्यालय से उनका गहरा आत्मीय लगाव है वे यहां जब भी आते हैं तो उनके छात्र जीवन की पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं उन्होंने कहा कि उन्हें वे दिन भी याद आ जाते हैं जब इसी परिसर में उन्होंने कई बार कुलपति का घेराव किया, आंदोलन किया, धरना दिया लेकिन उन्हें अब अब यह महसूस होता है कि कहीं ना कहीं कुलपति का घेराव करना अनुचित था उन्होंने कहा कि आज जब मैं यहां विश्वविद्यालय परिसर में आया तो मैंने देखा यहां पर विश्वविद्यालय के पुराने शिक्षक जो सेवानिवृत हो चुके हैं और पेंशन के लिए आंदोलन कर रहे हैं उन्हें देखकर उन्हें भी पुराने अपने आंदोलन याद आ गए जब आज अपनी मांग को लेकर आंदोलन कर रहे शिक्षक जब उनके छात्र जीवन के समय उन्हें पढ़ाया करते थे और खुद छात्र संघ का अध्यक्ष होने के नाते छात्रों के मुद्दों को लेकर शिक्षकों के समक्ष आवाज उठाया करते थे जिन शिक्षकों के सामने कभी वे आंदोलन किया करते थे आज वे शिक्षक अपनी मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं यही समय का चक्र है जो कब किधर घूम जाए यह किसी को पता नहीं लेकिन सभी तरह की समस्याओं का समाधान बातचीत के माध्यम से ही निकलता है केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विश्वविद्यालय के कुलपति के भाषण पर चुटकी लेते हुए कहा कि आज जब कुलपति महोदय मेरे स्वागत के समय यह कह रहे थे कि विश्वविद्यालय परिवार की ओर से आपका स्वागत किया जाता है तो मुझे ऐसे लगा जैसे विश्वविद्यालय मुझे पराया समझता है यह सुनकर कार्यक्रम में मौजूद लोग ठहाके लगाने लगे शेखावत ने कहा कि इस विश्वविद्यालय की यादें हमेशा उनके जहां में रहती है यह विश्वविद्यालय उनकी आत्मा में बसा हुआ है केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि विश्व पर्यटन के क्षेत्र में भारत का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है जिसमें राजस्थान में पर्यटन की अपार संभावनाएं शुरू से ही रही है और पिछले 2 साल में राजस्थान में पर्यटन के क्षेत्र में जबरदस्त कार्य भी हुआ है राजस्थान अपनी कला, संस्कृति, सभ्यता, खान-पान, वेशभूषा, स्मारक, किले, झील, लोक संगीत नृत्य इत्यादि सभी मामलों में दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं इसलिए भारत के पर्यटन में राजस्थान पर्यटन का बहुत बड़ा योगदान है और प्रदेश के पर्यटन सेक्टर को गति देने के लिए केंद्र सरकार भी अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही। जोधपुर जयनारायण विश्वविद्यालय में जिस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया है वह प्रदर्शनी सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक आम लोगों के लिए खुली रहेगी इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि भारत में तेल और गैस की कोई कमी नहीं है लेकिन विपक्ष देश के लोगों को गुमराह कर रहा है भड़का रहा है जो ठीक नहीं है उन्होंने कहा कि भारत में तेल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं की गई है विपक्ष हर चीज में और हर विषय पर राजनीति की रोटी सीखने का प्रयास करता है वर्तमान में तेल और गैस को लेकर भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में विपरीत परिस्थिति बनी हुई है लेकिन हमारी सरकार स्थिति पर बराबर नियंत्रण रखे हुए हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी साफ कहा है कि देश में तेल और गैस की कोई कमी नहीं है किसी को भी पैनिक होने की जरूरत नहीं है लेकिन कांग्रेस इस मामले में भी लोगों को भड़काकर अपनी राजनीति की रोटी सेकने का प्रयास कर रही ।

## बीकानेर में एसपी ऑफिस के सामने आत्मदाह करने वाले पूर्व वार्ड पंच की इलाज के दौरान मौत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बीकानेर में पुलिस अधीक्षक दफ्तर के सामने शुक्रवार को आत्मदाह करने वाले पूर्व वार्ड पंच रामलाल मेघवाल की जयपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को रामलाल ने बीकानेर शहर में पुलिस अधीक्षक दफ्तर के सामने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली थी जिसकी वजह से वह मौके पर ही 80 प्रतिशत गंभीर रूप से झुलस गया था जिसे उपचार के लिए पहले बीकानेर के जिला सरकारी अस्पताल में लाया गया इसके बाद उसे जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई जानकारी के अनुसार खाजूवाला निवासी रामलाल मेघवाल पूर्व में वार्ड पंचायत रह चुका है जिसे एक महिला ब्लैकमेल करके शारीरिक और मानसिक रूप से काफी परेशान कर रही थी जिसकी शिकायत लेकर वह बीकानेर पुलिस अधीक्षक के पास आया था लेकिन शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक के दफ्तर के सामने ही उसने खुद के शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली आग लगाने के बाद वह पुलिस अधीक्षक दफ्तर की ओर दौड़ते हुए जा रहा था तभी वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने बड़ी मुश्किल से उसकी आग को बचाया वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने बड़ी मुश्किल से उसके शरीर से आग को बुझाया लेकिन तब तक उसका शरीर 80 प्रतिशत जल चुका था जानकार लोगों का कहना है कि 80 प्रतिशत शरीर के जलने के बाद किसी व्यक्ति के जिंदा रहने के बहुत ही कम चांस रहते हैं हालांकि कई बार 80 प्रतिशत जल जाने के बात अगर उसे तुरंत अच्छा उपचार मिल जाता है तो वह बच भी जाता है अन्यथा 80 प्रतिशत जलने के बाद बचने की उम्मीद बहुत कम रहती है जानकारी के अनुसार रामलाल मेघवाल का शरीर मौके पर ही 80 प्रतिशत जल गया था ।

## दोसा में हाईवे पर पांच वाहन भिड़े : मदनगंज में गैस सिलेंडर से भरा ट्रक रोड पर पलटा, डेढ़ सौ सिलेंडर रोड पर बिखर गए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के अजमेर के मदनगंज थाना इलाके में पुराना टोल नाके के पास गैस सिलेंडर से भरे ट्रक का टायर फटने से ट्रक रोड पर पलट गया जिसकी वजह से ट्रक में भरे हुए करीब डेढ़ सौ सिलेंडर रोड पर बिखर गए यह तो गनीमत रही कि मौके पर कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ अन्यथा अगर सिलेंडरों में आग लग जाती तो यहां पर बहुत बड़ा हादसा हो सकता था और जानमाल का नुकसान भी हो सकता था सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और रोड पर बिखरे हुए सभी सिलेंडर को एकत्रित करवाया घटनास्थल का दौरा करके मामले की जांच शुरू कर दी इस हादसे में ट्रक के चालक के घायल होने की सूचना मिली है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है इसी तरह से एक अन्य सड़क दुर्घटना में प्रदेश के दोसा जिले में सिकंदरा थाना इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर दो बस, एक ट्रेलर, ट्रक और एक कार में एक के बाद एक आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसकी वजह से ट्रेलर के चालक के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी मिली है आपस में भिड़े सभी पांच वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं हादसे के बाद काफी देर तक हाइवे पर जाम की स्थिति बनी रही हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई क्योंकि आपस में भिड़े पांचो वहां इधर-उधर क्षतिग्रस्त अवस्था में खड़े हुए थे जिसकी वजह से रोड पूरी तरह से जाम हो गया था सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मुश्किल से जाम खुलवाया और क्षतिग्रस्त वाहनों को रोड पर साइड में खड़ा करके मामले की जांच शुरू की ।

## चंबल कॉलोनी में पैंथर के नजर आने पर लोगों में दहशत, पैंथर को पकड़ने के लिए वन विभाग से किया आग्रह

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के कोटा में चंबल कॉलोनी में गाली संख्या 2 में एक पैंथर के नजर आने के बाद कॉलोनी के लोगों के चेहरों पर चिंता की लकीर छा गई लोगों का कहना है कि गर्मी का वजह से छोटे-छोटे बच्चे घरों के बाहर काफी देर तक खेलते रहते हैं ऐसी अवस्था में पैंथर का कॉलोनी में आना खतरे से खाली नहीं है स्थानीय लोगों ने वन विभाग, पुलिस और जिला प्रशासन से पैंथर को जल्दी से जल्दी पकड़ कर जंगल में छोड़ने का आग्रह किया है स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी पैंथर कॉलोनी में नजर आया था इसलिए इस पैंथर को पकड़ना बहुत जरूरी है अन्यथा यहां पर बड़ा हादसा हो सकता है क्योंकि गर्मी के दिनों में कॉलोनी के बच्चे काफी देर तक खेलते रहते है।

[5:14 श्रद्ध, 14/03/2026] +91 78780 06063: सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन इलाके में घनी झाड़ियां और पेड़ हैं जिसकी वजह से पैंथर की लोकेशन का पता नहीं चल पा रहा है इसलिए पैंथर का रिस्क करने में वन विभाग को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है हालांकि वन विभाग की टीम पैंथर की लोकेशन का पता लगाने के लिए अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही है इसके अलावा कॉलोनी में पिंजरा रखकर भी पैंथर को पकड़ने के बारे में प्लान किया जा रहा है लेकिन खबर लिखे जाने तक पैंथर पकड़ में नहीं आ पाया था इसलिए स्थानीय लोगों के चेहरों पर घबराहट साफ दिख रही थी क्योंकि स्थानीय लोगों को डर है कि पैंथर कॉलोनी के आसपास ही छुपा हुआ है और वह फिर से कॉलोनी में नजर आ सकता है जानकारी के अनुसार यह पैंथर एक एंबुलेंस के पास काफी देर तक खड़ा हुआ नजर आया था जिसका वीडियो स्थानीय लोगों ने तैयार किया और फिर उसे सोशल मीडिया और न्यूज़ चैनल पर अपलोड किया, मौके पर मौजूद वन विभाग के अधिकारियों ने कॉलोनी के लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है और बच्चों को अकेले में घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह भी स्थानीय लोगों को दी है ।

## एसकेजी प्लांट में खड़े ट्रक में आग लगने से हड़कंप मचा, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बारा स्थित एसकेजी प्लांट परिसर में खड़े ट्रक में अज्ञात कारण की वजह से भीषण आग लग गई जिसकी वजह से मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया आज किस वजह से लगी इसकी जानकारी खबर लिखे जाने तक नहीं मिल पाई लेकिन आग लगने के बाद मौके पर मौजूद लोगों के चेहरों पर चिंता की लकीर छा गई हालांकि तुरंत ही आग बुझाने के युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू किए गए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक ट्रक जलकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था हालांकि इस आगजनी की घटना में जनहानि नहीं हुई है लेकिन लोगों का कहना है कि यह तो गनीमत रही कि आज सिर्फ ट्रक तक ही सीमित रही अन्यथा आज की चिंगारी और लपट के फैलने पर यहां आगजनी की विकराल घटना भी हो सकती थी लेकिन समय रहते ही तत्काल प्रभाव से ट्रक में लगी आज की चिंगारी और लपट को आगे नहीं फैलने दिया गया जिसकी वजह से आग सिर्फ ट्रक की सीमित रही लेकिन ट्रक में अचानक लगी आग को लेकर मौके पर मौजूद लोग भी चकित है किस वजह से यह आग लगी यह सवाल अबूझ पहेली बना हुआ है ।

## सरिस्का बाघ अभ्यारण के अच्छे अध्याय का शुभारंभः बाघों की संख्या 52 हुई



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में अलवर जिले में स्थित विश्व विख्यात सरिस्का बाघ अभयारण्य में लगातार यहां बाघ की संख्या बढ़ती जा रही है यहां टोटल 52 बाघ मौजूद है जो इस अभयारण्य की शोभा को चार चांद लगा रहे हैं, इस अभयारण्य को विकसित करने में और यहां बाघों के संरक्षण सुरक्षा और विस्तार के लिए सरकार की ओर से भी कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी जा रही जिसकी वजह से यहां बाघों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है पहले यहां अभारण्य क्षेत्र में वन्य जीवों के शिकार किए जाने के मामले मीडिया की सुर्खियों में रहते थे लेकिन अब यहां वन्यजीवों की सुरक्षा संरक्षण के लिए काफी कड़े प्रबंध किए गए हैं तथा अभयारण्य में शिकार की घटनाओं को रोकने के लिए कई टीमों का गठन किया गया है जिसकी वजह से यहां अब वन्यजीवों के शिकार करने के मामले न के बराबर है और यहां वन्यजीवों के लिए तमाम तरह की सुविधा सुनिश्चित की गई है जिसकी वजह से यह अभारण्य बाघों की मनपसंद का एक अच्छा केंद्र बन गया है उल्लेखनीय है कि सरिस्का बाघ अभयारण्य दुनिया भर के पर्यटकों में काफी लोकप्रिय है यहां हर साल बड़ी संख्या में देश और विदेश के पर्यटक बाघ सफारी का आनंद लेने के लिए आते हैं यहां बड़े-बड़े राजनेता बड़े-बड़े कारोबारी फिल्म जगत से जुड़े लोग विभिन्न खेलों के बड़े-बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यहां अक्सर आते रहते हैं यह अभयारण्य देखने में भी काफी सुंदर है और दूर-दूर तक घने जंगलों में स्थापित यह अभयारण्य देखते ही हर किसी के दिल में अपना अलग मुकाम बना लेता है इसीलिए इस अभयारण्य को देखने के लिए प्रियंका गांधी राहुल गांधी अक्सर यहां अपने परिवार और मित्रों के साथ घूमने आते रहते हैं जानकारी के अनुसार वन मंत्री संजय शर्मा अलवर जिले से ही आते हैं इस अभयारण्य को विकसित करने और इस खूबसूरत बनाने के अलावा यहां वन्यजीवों की सुरक्षा संरक्षण और विस्तार के लिए संजय शर्मा सतत रूप से कार्य करते हैं वन मंत्री शर्मा का इस अभयारण्य से शुरू से ही काफी लगाव रहा है जब मंत्री नहीं थे तब भी शर्मा यहां पर अक्सर आते रहते थे यह उनकी पसंद का स्थान है इस अभयारण्य की हर छोटी-बड़ी गतिविधियों पर भी वन मंत्री शर्मा नियमित रूप से नजर रखते हैं और यहां वन्य जीवो की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर उन्होंने विशेष प्रबंध भी किए हैं ।


## गैस संकट से प्रभावित छोटे व्यवसायियों, थड़ी-ठेले वालों को सरकार तत्काल आर्थिक मदद और राहत दे: जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में गहराते रसोई गैस संकट पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में सरकार नाम की संस्था पूरी तरह अदृश्य हो चुकी है तथाकथित डबल इंजन सरकार की गैस बीच राह में ख़त्म हो गई है, जिससे प्रदेश की जनता को अधर में छोड़ दिया गया है। जूली ने मुख्यमंत्री की कार्यशैली पर सीधा सवाल दागते हुए पूछा कि जब प्रदेश की जनता एक-एक सिलेंडर के लिए सड़कों पर है, तब मुख्यमंत्री और उनका प्रशासनिक अमला आखिर कहाँ अदृश्य हो चुका है ? ज़मीनी हकीकत यह है कि सरकार के कागजी निर्देशों का कालाबाजारी करने वालों पर रत्ती भर भी खौफ नहीं है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बयान इस तरह के आए हैं कि दावा कर रहे हों कि राजस्थान में एलपीजी गैस का कोई संकट नहीं है। यह बेहद आश्चर्यजनक है कि रोज बिगड़ती स्थिति के बावजूद मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता ऐसे दावे कैसे कर सकते हैं? क्या उनका धरातल से संपर्क बिल्कुल ही टूट चुका है एवं क्या ये लोग सिर्फ अधिकारियों की ब्रीफिंग पर ही निर्भर हैं? नेता प्रतिपक्ष ने गैस संकट के सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों को रेखांकित करते हुए कहा कि यह केवल ईंधन की कमी नहीं, बल्कि गरीबों की आजीविका पर सीधा हमला है। राजधानी जयपुर में ही लगभग 10 हजार ऑटो के पहिए थम जाने से हजारों परिवारों के सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है। ग्रामीण अंचलों की स्थिति तो और भी भयावह है, जहाँ अगली बुकिंग के लिए 45 दिनों का लंबा इंतजार आम आदमी की कमर तोड़ रहा है। गरीबों की परेशानी का जिक्र करते हुए जूली ने कहा कि साधन-संपन्न लोग तो इंडक्शन कुकर जैसे विकल्प अपना लेंगे, लेकिन थड़ी पर चाय बनाने वाले या छोटे ढाबे चलाने वालों की कमाई पूरी तरह ठप हो जाएगी। ऐसे में वहां काम करने वाले मजदूरों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी क्या भाजपा सरकार उठाएगी? शिक्षा नगरी कोटा से लेकर भरतपुर तक के हालात का जिक्र करते हुए जूली ने कहा कि भाजपा राज में अब छात्रों के निवाले पर भी संकट मंडराने लगा है। कोटा के कोचिंग विद्यार्थियों को समय पर भोजन न मिलना और भरतपुर में इंदिरा रसोई का बंद होना सरकार की संवेदनहीनता का पराकाष्ठा है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो कोटा की कचौरी दिल्ली भेजने के बड़े-बड़े दावे करते थे, आज उन्हीं के राज में रोजी रोटी के लाले पड़ने की आशंका हो गई है। विडंबना देखिए कि प्रदेश के हर कोने से हाहाकार की खबरें आ रही हैं, लेकिन सरकार के पास इस संकट से निपटने के लिए न तो कोई विज़न है और न ही कोई ठोस कार्ययोजना। ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार केवल इवेंट मैनेजमेंट में व्यस्त है, जबकि जनता बुनियादी जरूरतों के लिए त्रस्त है। जूली ने कहा कि जिस प्रकार कोविड काल में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए गरीबों और छोटे व्यवसायियों की आजीविका का ध्यान रखा था, उसी प्रकार वर्तमान गैस संकट से प्रभावित छोटे व्यवसायियों, थड़ी-ठेले वालों और मजदूरों को सरकार तत्काल आर्थिक मदद और राहत दे। नेता प्रतिपक्ष ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि सरकार अपनी कुंभकर्णी नींद त्यागे, वरना जनता इस अदृश्य सरकार को सत्ता के गलियारों से भी अदृश्य करने में देर नहीं लगाएगी नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन सरकार का कहीं अता-पता नहीं है। आज प्रदेश की जनता को याद आ रहा है कि किस तरह पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने महंगाई राहत कैंप लगाकर महंगाई से राहत देने का काम किया था। अब स्थिति यह है कि मौजूदा सरकार केवल बयानबाजी और लिप सर्विस तक सीमित नजर आती है, जबकि जनता राहत और ठोस कदमों की उम्मीद कर रही है।

## चुनाव को लेकर प्रदेश सरकार का कोई भी कार्य बाकी नहीं बचा, जिसको दिक्कत है हाई कोर्ट चला जाएः झाबर सिंह खर्रा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शनिवार को एक बार फिर से जोर देकर कहा है कि पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश सरकार के स्तर पर कोई भी कार्य बाकी नहीं बचा है प्रदेश सरकार ने चुनाव संबंधी सभी कार्य पूरे कर लिए हैं उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद, वार्ड, नगर निकाय के पुनर्गठन और पुन: सीमांकन का कार्य कंप्लीट हो चुका है सरकारी स्तर पर कोई भी कार्य अधूरा नहीं है चुनाव आयोग पूरी तरह से चुनाव करवाने के लिए स्वतंत्र है लेकिन ओबीसी वर्ग से जुड़े आंकड़ों से संतुष्ट होने के बाद ही चुनाव आयोग चुनाव करवाने की बात कह रहा है चुनाव आयुक्त चाहता है कि ओबीसी वर्ग के सटीक और शुद्ध आंकड़े आयोग तक पहुंचे ताकि आंकड़ों के आधार पर वार्डों की आरक्षण की लॉटरी निकाली जा सके इसीलिए चुनाव नहीं हो पा रहे प्रदेश के यूडीएच मिनिस्टर खर्रा ने कहा कि अगर किसी को चुनाव को लेकर दिक्कत या परेशानी हो तो वह राजस्थान हाई कोर्ट में अपील कर सकता है सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में राजस्थान हाई कोर्ट में अपील करने के लिए कहा हुआ है लेकिन जहां तक प्रदेश सरकार का सवाल है प्रदेश सरकार चुनाव करवाने को लेकर पूरी तरह से तैयार है और सरकार ने चुनाव संबंधी कोई भी कार्य बाकी नहीं छोड़ा है उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्टी के नेता लगातार यह कह रहे हैं कि प्रदेश सरकार जानबूझकर चुनाव करवाना नहीं चाहती क्योंकि आम जन में प्रदेश सरकार की छवि काफी धूमिल हो चुकी है इसलिए अपनी संभावित पराजय को देखते हुए सरकार जानबूझकर चुनाव नहीं करवा रही इस तरह के आरोप प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली और कांग्रेस पार्टी के तमाम बड़े नेता लगातार लग रहे हैं दूसरी तरफ सरकार से जुड़े लोगों का कहना है कि सरकार चुनाव करवाने के लिए पूरी तरह से तैयार है इसके लिए सभी तरह के काम सरकार ने पूरे भी कर लिए हैं लेकिन ओबीसी आयोग की रिपोर्ट नहीं मिलने की वजह से चुनाव आयोग चुनाव करवाने में पीछे हट रहा है इसलिए चुनाव नहीं हो पा रहे ।


## चांदी 2300 और सोना 500 रुपए हुआ सस्ता, चांदी 263700 रुपए प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में शुक्रवार को भी सोने और चांदी की कीमत में गिरावट देखी गई थी और शनिवार को भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई पिछले दो दिनों में चांदी और सोने की कीमत में लगातार गिरावट देखने को मिली है शनिवार को चांदी 2300 और सोना 500 रुपए सस्ता देखने को मिला शनिवार को चांदी 263700 रुपए प्रति किलो में बेची गई तथा शुद्ध सोना 161700 रुपए प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 151200 रुपए प्रति 10 ग्राम निर्धारित था उल्लेखनीय है कि जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में पिछले कई दिनों से उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं जिसकी वजह से जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोग ही नहीं बल्कि आमजन भी असमंजस की स्थिति में है पिछले कई दिनों के सोने और चांदी की कीमतों पर गौर करें तो कभी कुछ दिनों तक सोने और चांदी की कीमतों में रोजाना लगातार बढ़ोतरी होती रहती है और फिर अचानक ही कुछ दिनों तक सोने और चांदी की कीमतों में रोजाना गिरावट होती रहती है इसलिए कभी सोने और चांदी की कीमतों का कई दिनों तक लगातार बढ़ता और फिर अचानक इन कीमतों में रोजाना कमी आ जाना आमजन को असमंजस की स्थिति में रखा हुआ है खासतौर से जो लोग सोने और चांदी में इन्वेस्ट करते हैं उन लोगों ने अब सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने से दूरी बना ली है और यह लोग सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की वजह है रियल एस्टेट और जमीन जायदाद में अपनी रकम को ज्यादा इन्वेस्ट कर रहे हैं वजह यही है कि सोने और चांदी की कीमत में उथल-पुथल की जो स्थिति बनी हुई है उसको देखकर इन्वेस्ट करने वाले लोग सोने और चांदी में इन्वेस्ट करना जोखिम समझ रहे हैं इसलिए अपने निवेश को सुरक्षा की दृष्टि से जमीन जायदाद में ही ज्यादा निवेश कर रहे हैं ताकि उनका निवेश सुरक्षित भी रहे और उन्हें घाटे का सौदा भी ना रहे इसीलिए सोने और चांदी की कीमत में हो रहे उतार-चढ़ाव से जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोग भी अपने धंधे को लेकर काफी टेंशन में है जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोगों का कहना है कि सोने और चांदी की कीमत में हो रहे उतार-चढ़ाव से उनके बिजनेस को भी गति नहीं मिल रही है जबकि वर्तमान में शादियों का सीजन है गणगौर और कई तरह के मेले आने वाले हैं लेकिन इसके बावजूद भी लोग सोने और चांदी की खरीदारी में ज्यादा दिलचस्पी नहीं ले रहे जिनके घरों में शादियां हैं वे लोग ही मजबूरी में गहने खरीदने के लिए जयपुर सराफा बाजार में आ रहे हैं उनमें भी ज्यादातर वे लोग आ रहे हैं जो अपनी पुरानी चांदी को बेचकर उसमें मिलने वाले पैसों से नए आभूषण खरीद कर अपना काम चला रहे हैं ।

## रणथंभौर अभयारण्य में त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर बाघिन रिद्धि के बच्चों को देखकर पर्यटक रोमांचित हुए


**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के सवाई माधोपुर जिले में स्थित विश्व विख्यात सरिस्का अभयारण्य में त्रिनेत्र गणेश मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के चेहरों पर गजब की चमक उस समय छा गई जब उन्होंने नेत्र गणेश मंदिर के सड़क मार्ग पर बाघिन रिद्धि के छोटे-छोटे बच्चे सड़क पर घूमते हुए दिखाई दिए पर्यटकों ने काफी देर तक मोबाइल फोन से बाघिन रिद्धि के इन बच्चों का वीडियो तैयार किया और फिर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड भी किया इन बच्चों को देखकर श्रद्धालु रोमांचित हो उठे और काफी देर



तक इन्हें देखते रहे जानकारी के अनुसार बाघिन रिद्धि के यह छोटे-छोटे बच्चे अचानक जंगल से निकलकर रोड पर आकर टहलने लग गए दूर से ही इन बच्चों को देखकर त्रिनेत्र गणेश मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं ने अपनी गाड़ी रोक कर रिद्धि के इन बच्चों का दीदार किया गौरतलब है कि रणथंबोर अभयारण्य में त्रिनेत्र गणेश मंदिर का जो सड़क मार्ग है इस सड़क मार्ग पर अक्सर बाघऔर बाघिन का मोमेंट कई बार देखने को मिला है इसलिए यह भी जरूरी है कि त्रिनेत्र गणेश मंदिर जाने वाले लोगों को यहां बहुत ही सावधानी पूर्वक इस रोड पर वहां चलना चाहिए क्योंकि यहां कुछ माह पहले एक दर्दनाक हादसा देखने को मिला जब एक बाघ 6 साल के लड़के को उठा ले गया था यह लड़का अपने दादा और दादी के साथ था लेकिन इसी मार्ग पर बाघ लड़के को उठा ले गया था इसके अलावा इस मार्ग पर बाघ बाघिन के इंसानों पर हमला करने की घटनाएं भी हुई है इसलिए त्रिनेत्र गणेश मार्ग पर मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को दाएं बाएं आगे पीछे बहुत ही सावधानी से नजर घूमते हुए आगे बढ़ना चाहिए क्योंकि इस इलाके में बाघ विचरण करते रहते हैं ।

## सम्पादकीय

# क्या पश्चिम एशिया का युद्ध खत्म कर देगा घर की गैस?



पश्चिम एशिया में संघर्ष की वजह से जैसे हालात बन गए हैं और जैसे-जैसे दिन लंबे खिंचते जा रहे हैं, उसके असर का दायरा भी बढ़ने लगा है। युद्ध में दोनों पक्षों की ओर से जिस तरह की रणनीतियां अपनाई जा रही हैं, उसके कारण वैसे देश भी बुरी तरह प्रभावित हो हैं, जो टकराव से दूर हैं। दरअसल, ईरान पर अमेरिका और इजराइल के साझा हमले के बाद समूचा पश्चिम एशिया प्रभावित है और इसका खाड़ी देशों में तेल उत्पादन पर खासा असर पड़ा है। इस बीच ईरान ने जिस तरह होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित कर दिया है, उसके बाद उस मार्ग से होकर दुनिया के कई देशों में तेल की आपूर्ति भी रुक गई है। खासतौर पर भारत में तेल और गैस की दिक्कत जिस रूप में देखी जा रही है, वह कई स्तर पर चिंता पैदा करती है। हालांकि सरकार की ओर से यह कहा गया है कि देश के पास रणनीतिक और व्यावसायिक भंडार की पर्याप्त मात्रा मौजूद है और घरों तथा वाहनों के लिए इसमें कोई कटौती नहीं की गई है। सरकार ने उपभोक्ताओं से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की गैरजरूरी जमाखोरी से बचने की अपील की है। विडंबना यह है कि एक ओर सरकार ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और सुरक्षित बता रही है, दूसरी ओर देश के कई हिस्सों से बाजार में रसोई गैस के लिए अफरा-तफरी की खबरें आ रही हैं। सवाल है कि जब सरकार सब कुछ ठीक होने का आश्वासन दे रही है, जमाखोरी न करने की हिदायत दे रही है, तब भी लोगों के बीच रसोई गैस की कमी होने की आशंका कैसे फैल गई। असल में जब ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग को रोक दिया और उसका असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ने लगा, तब सरकार ने न केवल खाना पकाने के गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी, बल्कि पच्चीस दिन के बाद ही नया सिलेंडर मिलने की शर्त लगा दी। शायद यही वजह है कि लोगों के बीच यह धारणा बनी कि आने वाले दिनों में रसोई गैस की किल्लत होने वाली है। इसी के बाद एहतियातन रसोई गैस के सिलेंडर लेने की एक तरह से होड़ मच गई, जिसका फायदा कालाबाजारी करने वालों ने उठाया और कई जगहों से ऊंची कीमतों पर सिलेंडर बेचे जाने की खबरें आईं। इसी तरह, बिजली से चलने वाले चूल्हों की बिक्री में खासा इजाफा देखा गया। अव्वल तो यह समझना मुश्किल है कि ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध और उसकी वजह से उपजने वाली स्थिति का अनुमान लगाने तथा उसी मुताबिक संकट का सामना करने की तैयारी करने के मामले में सरकार ने उदासीनता क्यों बरती। अब सरकार आवश्यक वस्तु अधिनियम लगाने, जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने की बात कह रही है, लेकिन हकीकत यह है कि रसोई गैस सिलेंडरों की कमी को लेकर लोग आशंकित हैं और कहीं इसके लिए लंबी कतारों में खड़े हैं, तो कहीं ज्यादा पैसे चुकाने पर मजबूर हैं! अगर सरकार का कहना सही है कि रसोई गैस की कमी नहीं है, तो सबसे पहले उसे देश भर में रसोई गैस सिलेंडरों की सहज आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए और अफवाहों पर लगाम लगाना चाहिए। फिर इस अनिवार्य आवश्यकता की श्रेणी में आने वाले सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी न हो



## कहानी

# दाने दाने पर लिखा है खाने वाले का नाम

यह बहुत पुराने समय की बात है । एक गांव में एक सेठजी रहते थे । वह श्रीकृष्णजी के परम भक्त थे । सेठजी निरंतर श्रीकृष्णजी का जाप करते रहते थे । भगवान को सदैव अपने हृदय में बसाए रखते थे । प्रतिदिन सेठजी गांव के श्रीकृष्णजी के मंदिर में जाते थे । जब वह घर से निकलते थे, उस समय वह मन में विचार करते थे कि वह आज श्रीकृष्ण भगवान की पूजा अवश्य करेंगे और उन्हें भोग लगाएंगे । परंतु वह श्रीकृष्णजी को भोग नहीं लगा पाते थे, क्योंकि जब भी सेठजी श्रीकृष्णजी के मंदिर की ओर निकलते थे, तो रास्ते में ही उन्हें नींद आ जाती और वह वहीं सो जाते थे । जैसे ही वह सो जाते, तब उनके साथ लाये हुए सारे पकवान चोरी हो जाते थे । नींद से उठने के बाद जब सेठजी को पता चलता कि उनके सारे पकवान तो चोरी हो गए हैं, तब उन्हें बहुत दुःख होता था और वह भगवान श्रीकृष्ण जी से शिकायत करते हुए कहते थे, 'हे राधेश्याम, प्रतिदिन मेरे साथ ऐसा क्यों होता है  मैं एक दिन भी आपको भोग क्यों नहीं लगा पाता ' सेठजी की बात सुनकर श्रीकृष्णजीने कहा, 'हे वत्स दाने दाने पर लिखा होता है, खानेवाले का नाम । प्रतिदिन तुम मेरे लिए जो पकवान लेकर आते हो, उन पर मेरा नाम नहीं लिखा होता, इसलिए वह भोग मुझ तक नहीं पहुंचता ।' श्रीकृष्णजी की बात सुनकर सेठजीने कहा, 'प्रभु, कल तो मैं आपको अवश्य भोग लगाकर ही रहुंगा । दूसरे दिन सेठजी सुबह नहा धोकर तैयार हो गए और अपनी पत्नी से चार डिब्बे भर कर बढिया स्वादिष्ट पकवान बनाने के लिए कहा । पत्नी ने पकवान बनाकर डब्बे भरकर सेठजी को दे दिए । सेठजी उसे लेकर मंदिर के लिए निकल पडे । चलते हुए सेठजी ने निश्चय किया कि आज सोना नहीं है और मैं कान्हाजी को अवश्य भोग लगाऊंगा । उन्हें मंदिर जाते समय मार्ग में एक भूखा बच्चा दिखाई दिया । सेठजी को देखकर वह उनके पास आया और खाने के लिए मांगने लगा । उस बच्चे की आयु लगभग 5-6 वर्ष थी । वह बच्चा तो जैसे हड्डियों का ढांचा था । सेठजी को उस भूखे बच्चे पर दया आ गई और उन्होंने उस बच्चे को एक लड्डू दे दिया । उस बच्चे को लड्डू देते ही बहुत से बच्चों की भीड लग गई । वे सभी बच्चे भूखे दिखाई दिए । सेठजी को उनपर दया आ गई तथा सेठजी ने सभी पकवान उन भूखे बच्चों में बांट दिए । तत्पश्चात उन्हें स्मरण हुआ कि आज तो कान्हाजी को अवश्य ही भोग लगाना था; परंतु मंदिर पहुंचने से पहले ही सारे पकवान समाप्त हो चुके थे । मंदिर पहुंचकर वह कान्हाजी की मूर्ति के सामने हाथ जोडकर बैठ गए । सेठजी को ऐसे बैठे देख कान्हाजी उनके सामने प्रकट हो गए और सेठजी को चिढाते हुए कहा, 'लाओ मेरा भोग शीघ्रता से दे दो । मुझे बहुत भूख लगी है । मुझे पकवान खिलाओ । सेठजीने पूरा घटनाक्रम कान्हाजी को बता दिया । कान्हाजी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'मैंने तुमसे कहा था ना, दाने दाने पर लिखा है खानेवाले का नाम । उन पकवानों पर जिनका नाम लिखा हुआ था, उन्होंने वह पकवान खा लिए । तुम व्यर्थ की चिंता क्यों करते हो  सेठजी ने कहा, 'हे प्रभु, मैंने बडे अंहकार से कहा था, आज आपको भोग लगा कर ही रहुंगा । परंतु मुझसे उन बच्चों की भूख नहीं देखी गई और मैं सब भूल गया ।

# संवेदनशील बने न्यायिक तंत्र

इन निर्देशों को जारी करते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने लैंगिक रूढ़ियों से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2023 में जारी की गई हैंडबुक को रद कर दिया। उक्त मामला 17 मार्च, 2025 को इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस निर्णय से संबंधित है, जिसमें उसने ट्रायल कोर्ट के समन को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत दुष्कर्म के आरोप से घटाकर धारा 354 बी के तहत 'वस्त्र उतारने के इरादे से हमला' कर दिया था। इसके साथ ही पोक्सो के संबंधित प्रविधानों को भी धारा 18 से घटाकर धारा 10 कर दिया गया था, जिसमें आजीवन कारावास की आधी सजा का नियम है, जबकि धारा 18 में 5-7 वर्ष के कारावास का प्रविधान है। सुप्रीम कोर्ट ने यह माना कि देश की विभिन्न अदालतों में संवेदनशीलता को लेकर बरती जाने वाली सावधानी में कहीं न कहीं चूक हो जाती है, इसीलिए उसने यह कार्य प्रशिक्षण प्रणाली को सौंप दिया तथा भोपाल स्थित राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी से एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का आग्रह किया। समिति को भाषाई विविधता और आम लोगों के लिए सुगम्यता का ध्यान रखते हुए एक व्यापक रिपोर्ट और दिशा-निर्देशों का मसौदा तैयार करने को कहा गया है। न्यायालय का इस पर विशेष जोर था कि समिति प्रतिवेदन तैयार करते समय राष्ट्र की भाषाई विविधता को ध्यान में रखे। उसने यह भी इंगित किया कि विभिन्न क्षेत्रों की बोलियों में प्रचलित अनेक ऐसे शब्द एवं अभिव्यक्तियां हैं, जो सामान्य बोलचाल में प्रयुक्त होती हैं, पर वे दंड विधि के तहत आपत्तिजनक या अपराध की श्रेणी में आ सकती हैं।



पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को रद कर दिया, जिसमें यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम, 2012 (पोक्सो) के एक मामले में समन के महत्व को कम कर दिया गया था। जज सूर्यकांत, जायमाल्य बागची और एनवी अंजारी की पीठ ने ट्रायल कोर्ट के मूल समन आदेश को बहाल किया और कहा कि प्रथमदृष्ट्या आरोपों से दुष्कर्म करने का 'प्रयास' प्रतीत होता है, न कि केवल 'तैयारी'। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने लैंगिक संवेदनशीलता के नवीन मानकों को स्थापित करते हुए यौन अपराधों के मुकदमों में अधिक संवेदनशील और एकसमान न्याय-निर्णय के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की।

इन निर्देशों को जारी करते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने लैंगिक रूढ़ियों से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2023 में जारी की गई हैंडबुक को रद कर दिया। उक्त मामला 17 मार्च, 2025 को इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस निर्णय से संबंधित है, जिसमें उसने ट्रायल कोर्ट के समन को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत दुष्कर्म के आरोप से घटाकर धारा 354 बी के तहत 'वस्त्र उतारने के इरादे से हमला' कर दिया था। इसके साथ ही पोक्सो के संबंधित प्रविधानों को भी धारा 18 से घटाकर धारा 10 कर दिया गया था, जिसमें आजीवन कारावास की आधी सजा का नियम है, जबकि धारा 18 में 5-7 वर्ष के कारावास का प्रविधान है। सुप्रीम कोर्ट ने यह माना कि देश की विभिन्न अदालतों में संवेदनशीलता को लेकर बरती जाने वाली सावधानी में कहीं न कहीं चूक हो जाती है, इसीलिए उसने यह कार्य प्रशिक्षण प्रणाली को सौंप दिया तथा भोपाल स्थित राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी से एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का आग्रह किया। समिति को भाषाई विविधता और आम लोगों के लिए सुगम्यता का ध्यान रखते हुए एक व्यापक रिपोर्ट और दिशा-निर्देशों का मसौदा तैयार करने को कहा गया है। न्यायालय का इस पर विशेष जोर था कि समिति प्रतिवेदन तैयार करते समय राष्ट्र की भाषाई विविधता को ध्यान में रखे।

उसने यह भी इंगित किया कि विभिन्न क्षेत्रों की बोलियों में प्रचलित अनेक ऐसे शब्द एवं अभिव्यक्तियां हैं, जो सामान्य बोलचाल में प्रयुक्त होती हैं, पर वे दंड विधि के तहत आपत्तिजनक या अपराध की श्रेणी में आ सकती हैं। अतः समिति का यह दायित्व होगा कि वह विभिन्न भाषाओं के ऐसे शब्दों की पहचान कर उनका संकलन करे, ताकि वे न्यायिक प्रक्रिया में अनदेखे न रह जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञ समिति से इस विषय पर एक समग्र रिपोर्ट तैयार करने को कहा कि यौन अपराध के मामलों में न्यायिक प्रक्रिया में संवेदनशीलता कैसे विकसित की जाए। इससे पूर्व 'अपर्णा भट बनाम मध्य प्रदेश राज्य, 18 मार्च, 2021' मामले में शीर्ष न्यायालय ने राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी से कहा था कि वह युवा न्यायाधीशों के प्रशिक्षण और न्यायाधीशों की सतत शिक्षा में लैंगिक संवेदनशीलता से संबंधित आवश्यक सामग्री को शीघ्रता से तैयार करे, जिसमें न्यायिक तर्क में अंतर्निहित रूढ़ियों और अचेतन पूर्वाग्रहों के प्रति पर्याप्त जागरूकता कार्यक्रम शामिल हों। सुप्रीम कोर्ट लगातार देश की विभिन्न अदालतों द्वारा यौन अपराधों के मामलों में प्रदर्शित संवेदनात्मक कमी और रूढ़िगत दृष्टिकोण पर आपत्ति व्यक्त करता रहा है। हालिया निर्णय में भी सुप्रीम कोर्ट ने इसी चिंता को दोहराते हुए कहा, 'हमारे सभी निर्णयों में करुणा, मानवता एवं समझ की भावना झलकनी चाहिए। यही तत्व एक निष्पक्ष एवं प्रभावी न्यायप्रणाली के निर्माण के लिए जरूरी हैं।' यह टिप्पणी सिर्फ एक न्यायिक अवलोकन भर नहीं, संवेदनशील न्यायशास्त्र की दिशा में किया गया एक सशक्त और ऐतिहासिक हस्ताक्षर है। यह यौन शोषण से गुजरी पीड़िता के लिए आश्वस्ति और सहानुभूति का संदेश देती है। एक ऐसा ही संदेश हाल में उड़ीसा उच्च न्यायालय ने तब दिया, जब उसने कहा कि यौन अपराधों में सेक्सुअल इंटेट यानी यौन मंशा सबसे महत्वपूर्ण है। उसने यह भी कहा कि किसी लड़की के शरीर के ऊपरी हिस्से को छूना, दबाना और खींचना यौन उत्पीड़न है।

निःसंदेह यौन अपराध की यातना को उसकी संपूर्ण गहराई में वही समझ सकता है, जिसने उस आघात को अपने जीवन में भोगा हो। न्यायपालिका की यह मानवीय दृष्टि न केवल विधिक प्रक्रिया को अधिक करुणामय और उत्तरदायी बनाती है, बल्कि पीड़ितों के मन में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास और गरिमा की भावना को भी पुनर्जीवित करती है। यह कथन उल्लेखनीय है कि 'यौन अपराध की यातना को गहराई से वही समझ सकता है, जिसने उसे भोगा हो।' इस तथ्य से इन्कार नहीं किया जा सकता कि न्यायपालिका की जटिल और औपचारिक शब्दावलियों के बीच कई बार वह मानवीय पीड़ा अनकही रह जाती है, जो वास्तव में पीड़ित के हिस्से में आती है।

# सवालों के घेरे में सिविल सेवा परीक्षा

ऐसे छात्र, जो दिल्ली जैसे महानगरों में पैदा हुए, आधुनिक सुविधाओं के बीच पले-बढ़े और अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में पढ़े, यदि आदिवासी कोटे का लाभ ले रहे हैं तो क्या वे उन सैकड़ों जरूरतमंद आदिवासियों का हक नहीं छीन रहे, जिनके लिए यह व्यवस्था बनाई गई है। इस बार भी अंग्रेजी और भारतीय भाषाओं के बीच असमानता का प्रश्न उतना ही महत्वपूर्ण बना हुआ है। भारतीय भाषाओं के माध्यम से परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों का चयन मुश्किल से पांच प्रतिशत तक ही सीमित क्यों रह जाता है, जबकि लगभग 95 प्रतिशत चयन अंग्रेजी माध्यम के उम्मीदवारों का होता है? इस बार इंटरव्यू के अंकों को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। सिविल सेवा परीक्षा की मुख्य लिखित परीक्षा 1,750 अंकों की होती है, जबकि इंटरव्यू के लिए 275 अंक निर्धारित हैं। इस बार के परिणामों के आंकड़े बताते हैं कि लिखित परीक्षा में टापर्स सहित

देश के सर्वोच्च प्रशासनिक ढांचे के लिए अफसरों की भर्ती करने वाली संस्था यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा के हालिया परिणामों ने पिछले वर्षों की तुलना में अधिक हलचल पैदा की है। पहले दो दिनों तक सफल उम्मीदवारों में एक ही नाम की दो आकांक्षा सिंह को लेकर खबरें चर्चा में रहीं। इस मामले की जांच के बीच एक अन्य अभ्यर्थी ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

उन्हें 2024 में सामान्य वर्ग से भारतीय पुलिस सेवा मिली थी, पर 2025 में उन्होंने अपना वर्ग सामान्य के बजाय ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) घोषित कर दिया। आइपीएस बनने के बाद ऐसा कैसे संभव है? पिछले पांच वर्षों में ऐसे कई मामले यूपीएससी, अदालतों और कार्मिक मंत्रालय के सामने आ चुके हैं। कहीं न कहीं नियमों में लचीलेपन, स्पष्टता का अभाव और स्थानीय प्रशासन में भ्रष्टाचार के कारण ऐसी स्थितियां पैदा हो रही हैं। तीन वर्ष पहले महाराष्ट्र की पूजा खेडकर का मामला भी सामने आया था, जिसमें आरोप लगा कि उन्होंने कई नियमों की अनदेखी करते हुए आइएएस सेवा प्राप्त की। फर्जी एससी-एसटी प्रमाणपत्रों से जुड़े भी अनेक मामले यूपीएससी के सामने आ चुके हैं। यही कारण है कि हाल में यूपीएससी ने इन गड़बड़ियों को ध्यान में रखते हुए आवेदन प्रक्रिया में कुछ महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं को रोका जा सके। इस बार के परीक्षा परिणाम में एक और तथ्य ने ध्यान खींचा। वह है आदिवासी कोटे में 73 में से एक जनजाति के करीब 30 प्रतिशत अभ्यर्थियों का चयन।

ऐसे छात्र, जो दिल्ली जैसे महानगरों में पैदा हुए, आधुनिक सुविधाओं के बीच पले-बढ़े और अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में पढ़े, यदि आदिवासी कोटे का लाभ ले रहे हैं तो क्या वे उन सैकड़ों जरूरतमंद आदिवासियों का हक नहीं छीन रहे, जिनके लिए यह व्यवस्था बनाई गई है। इस बार भी अंग्रेजी और




भारतीय भाषाओं के बीच असमानता का प्रश्न उतना ही महत्वपूर्ण बना हुआ है। भारतीय भाषाओं के माध्यम से परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों का चयन मुश्किल से पांच प्रतिशत तक ही सीमित क्यों रह जाता है, जबकि लगभग 95 प्रतिशत चयन अंग्रेजी माध्यम के उम्मीदवारों का होता है? इस बार इंटरव्यू के अंकों को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। सिविल सेवा परीक्षा की मुख्य लिखित परीक्षा 1,750 अंकों की होती है, जबकि इंटरव्यू के लिए 275 अंक निर्धारित हैं। इस बार के परिणामों के आंकड़े बताते हैं कि लिखित परीक्षा में टापर्स सहित किसी के भी 50 प्रतिशत से अधिक अंक नहीं आए, लेकिन इंटरव्यू में 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में कई गुना अधिक है। 275 में से 200 या उससे अधिक अंक पाने वाले उम्मीदवारों की संख्या काफी अधिक है। जिस परीक्षा में एक-एक अंक उम्मीदवारों के भविष्य का निर्धारण करता हो, वहां यूपीएससी के इस प्रकार के परिणाम स्वाभाविक रूप से कई गंभीर प्रश्न खड़े करते हैं। इस बार का टापर उम्मीदवार एमबीबीएस डाक्टर है। प्रश्न है कि ऐसे डाक्टर लगातार सिविल सेवाओं की ओर आकर्षित क्यों हो रहे हैं, जबकि विश्व के कई देशों की तुलना में भारत में प्रति व्यक्ति डाक्टरों की उपलब्धता अभी भी बहुत कम है। पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं न होने के कारण देश की एक बड़ी आबादी की कार्यक्षमता प्रभावित होती है और वह राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में पूरी तरह भागीदारी नहीं कर पाती। इसी तरह आइआइटी जैसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों से पढ़े हुए छात्र भी पिछले लगभग दो दशकों से बड़ी संख्या में सिविल सेवाओं की ओर रुख कर रहे हैं। दुर्भाग्य की बात यह भी है कि कठिन प्रतियोगी परीक्षा पास कर आइआइटी जैसे संस्थानों में प्रवेश पाने वाले अनेक छात्र सिविल सेवा परीक्षा में अपने मूल विषय इंजीनियरिंग को वैकल्पिक विषय के रूप में नहीं चुनते।

# विपक्ष का राजनीतिक दीवालियापन

लोकसभा स्पीकर के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में मिली पराजय के बाद विपक्ष ने जिस तरह मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने का नोटिस दिया, वह उसके राजनीतिक और साथ ही बौद्धिक दीवालिएपन का ही परिचायक है। यह लगभग तय है कि संख्याबल के अभाव और मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की जटिल एवं लंबी प्रक्रिया के चलते विपक्ष की यह पहल सफल नहीं होने वाली, फिर भी यदि वह ऐसा कर रहा है तो जाहिर है कि खबरों में आने और यह शोर मचाने के लिए कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के जरिये उसके साथ अन्याय हो रहा है। ऐसा ही शोर बिहार में



एसआईआर के समय मचाया गया था, पर सब जानते हैं कि चुनावों में विपक्ष को बुरी पराजय का सामना करना पड़ा। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि सुप्रीम कोर्ट न जाने कितनी बार कह चुका है कि एसआईआर कराना चुनाव आयोग का अधिकार है और वह इस प्रक्रिया में कोई दखल नहीं देने वाला। जिस तृणमूल कांग्रेस को एसआईआर पर सबसे अधिक आपत्ति है और जिसकी पहल पर मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने का नोटिस दिया गया, उसे सुप्रीम कोर्ट से केवल निराशा ही हाथ नहीं लगी है, बल्कि उसकी फटकार का भी सामना करना पड़ा है। लगता है तृणमूल कांग्रेस इससे खीझी है कि एसआईआर पर बंगाल प्रशासन की अड़ंगेबाजी को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रक्रिया की निगरानी न्यायिक अधिकारियों को सौंप दी है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला बंगाल प्रशासन की निष्ठा पर सवाल खड़े करने वाला ही है। यह भी ध्यान रहे कि सुप्रीम कोर्ट बंगाल में एसआईआर को लेकर और सुनवाई करने के मूड में नहीं है। इसका अर्थ है कि वहां जारी एसआईआर में कोई गड़बड़ी नहीं। यदि इसके बाद भी तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल यह सोच रहे हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की उनकी कोशिश उन्हें कोई बड़ा राजनीतिक लाभ प्रदान करेगी और वे देश की जनता का ध्यान खींचने में सफल हो जाएंगे तो यह एक तरह का दिवास्वप्न ही है। यदि विपक्ष की यह योजना है कि मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाए जाने की आवश्यकता को रेखांकित कर वह चुनाव आयोग को लांछित करने में सफल हो जाएगा तो इसे भी उसकी एक गैर जरूरी राजनीतिक कवायद ही कहा जाएगा

## आयुषी का गुजरात न्यायिक सेवा में चयन, जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** चौमूं शहर की आयुषी शर्मा ने गुजरात में न्यायिक सेवा परीक्षा में 65वीं रैंक हासिल की है। आयुषी चौमूं निवासी एडवोकेट मनुवत्सल शर्मा की पुत्री है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे शहर में खुशी का माहौल है। आयुषी की सफलता की खबर मिलते ही चौमूं शहर में उत्साह का माहौल बन गया। शहर में जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर साफा और माला पहनकर सम्मान किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन सैनी ने आयुषी शर्मा का सम्मान किया। इसके बाद आयुषी ने प्राचीन गढ़ गणेश मंदिर पहुंचकर भगवान गणेश के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मंदिर कमेटी की ओर से भी उनका स्वागत में सम्मान किया गया। बाद में शहर के प्रमुख मार्गो से आयुषी शर्मा का विजय जूलूस निकल गया। जहां विभिन्न व्यापारिक, धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। परिजनों ने बताया कि आयुषी शर्मा बचपन से ही पढ़ाई में होशियार रही है। न्यायिक सेवा में चयन उनका सपना था। जिसके लिए उन्होंने कड़ी मेहनत अनुशासन और लगन के साथ तैयारी की। आयुषी की यह उपलब्धि परिवार शहर और समाज के लिए गौरव का विषय है उनकी सफलता से क्षेत्र के युवाओं को निरंतर परिश्रम और कड़ा संकल्प से लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी।

## चौमूं, रेनवाल हाईवे पर पिकअप ट्रक की भिड़ंत में दर्जनों श्रद्धालु घायल



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** रेनवाल मेगा हाईवे पर शनिवार को एक ट्रक और पिकअप वाहन की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में पिकअप में सवार करीब एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह सभी लोग जोबनेर स्थित ज्वाला माता के दर्शन के लिए जा रहे थे। घायलों को कालाडेरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन चौमूं से रेनवाल की ओर जा रहा था इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही पिकअप ने आगे चल रहे ट्रक को टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप में सवार कई लोग घायल हो गए और वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और आमजन जमा हो गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद पिकअप में फंसे घायलों को बाहर निकाला। एंबुलेंस के समय पर नहीं पहुंचने के कारण स्थानीय लोगों ने निजी वाहनों से घायलों को कालाडेरा सीएचसी पहुंचाया। घायलों का कालाडेरा सीएचसी में उपचार जारी है सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जानकारी ली। कालाडेरा पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों के विरोध में प्रदर्शन, मोदी का पुतला फूंका



जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में शनिवार को मकराना बाईपास तिराहे पर विधायक जाकिर हुसैन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से आम जनता पर महंगाई का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर गैस सिलेंडर ब्लैक में मिल रहा है और बुकिंग कराने में भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई से मकराना सहित पूरे देश की जनता परेशान है। उन्होंने केंद्र सरकार से गैस सिलेंडर के दाम कम करने और आम लोगों को राहत देने की मांग की।

## अतिक्रमण पर सख्त हुई खाकी



जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** मकराना के सदर बाजार में अतिक्रमण और यातायात व्यवस्था को लेकर हाल ही में पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस थानाधिकारी गरिमा चौधरी के नेतृत्व में बाजार क्षेत्र में व्यवस्था सुधारने के लिए कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच सामाजिक कार्यकर्ता शेरू भाटी ने आगामी त्योहारों के चलते बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ और ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए सदर बाजार में ट्रैफिक पुलिस तैनात करने की मांग की। इस पर थानाधिकारी गरिमा चौधरी ने आश्वासन दिया कि त्योहारों के दौरान बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और जरूरत पड़ने पर ट्रैफिक पुलिस भी लगाई जाएगी।

# सतत कृषि और जैव विविधता पर मंथन: विशेषज्ञों ने किसानों की आय बढ़ाने व पर्यावरण संरक्षण पर दिए सुझाव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** सतत कृषि, जैव विविधता संरक्षण और ग्रामीण विकास को लेकर इंडियन ग्रामीण सर्विसेस की ओर से आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन के साथ हुई तथा सभी अतिथियों का प्लांटर भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में इंडियन ग्रामीण सर्विसेस से भास्कर सिंह ने परियोजना के उद्देश्य और उसके क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों की आजीविका को मजबूत करना और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देना है। इस दौरान सुन्दरम ने पौधारोपण और जैव विविधता संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का आह्वान किया। वहीं मुकेश गुप्ता ने जैविक खेती और आधुनिक कृषि पद्धतियों पर अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान समय में खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए नई तकनीकों को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) भी खेती में सहायक साबित हो सकती है और पौधारोपण, पशुपालन व फसल उत्पादन को एकीकृत कर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं।




अपने उद्बोधन में निसार अहमद ने सरकारी नीतियों और कानूनों की चर्चा करते हुए स्वच्छ पर्यावरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए यह भी जरूरी है कि हम यह आकलन करें कि विभिन्न नीतियों के बावजूद हमारे आसपास कितना सकारात्मक बदलाव आया है। साथ ही उन्होंने खेती में महिलाओं की भागीदारी और स्वामित्व को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम में सुशील वैष्णव, जो Ecoil नामक सस्टेनेबिलिटी स्टार्टअप से जुड़े हैं, ने बताया कि उनकी संस्था होटलों, रेस्तरां और ढाबों से उपयोग किया हुआ खाना पकाने का तेल (यूसीओ) एकत्रित कर उसे बायोडीजल में परिवर्तित करती है। उन्होंने जले हुए तेल के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी। बंधन बैंक के रीजनल हेड (एग्री बिजनेस) ने किसानों को उपलब्ध कराई जा रही वित्तीय सहायता और विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि बैंक कृषि और उद्यम से जुड़े कार्यों के लिए किसानों व उद्यमियों को सहयोग प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर डॉ. नेहा पांडये ने आईआरएम (ह्व्रू) की ग्रामीण विकास में भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार संस्थान ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, शोध और प्रबंधन के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। वहीं नाबार्ड की एजीएम विशाखा आर. गजबिये ने नाबार्ड की ओर से किए जा रहे कार्यों, इंडियन ग्रामीण सर्विसेस के साथ सहयोगात्मक प्रयासों तथा किसान उत्पादक संगठनों (FPO) की वर्तमान स्थिति पर जानकारी साझा की। इसके अतिरिक्त धारा संस्था के डायरेक्टर महेश पम्पलिया ने सामुदायिक संगठनों की भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि मजबूत सामुदायिक संगठन सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और विभिन्न संस्थानों से जुड़कर जानकारी व संसाधन प्राप्त कर अपने कार्यों को और अधिक प्रभावी बना सकते हैं। कार्यक्रम में इंडियन ग्रामीण सर्विसेस से भास्कर सिंह, शशिकांत राजा और मनीष सहित कई प्रतिभागी उपस्थित रहे। अंत में इंडियन ग्रामीण सर्विसेस के सीईओ राधेश्याम सोलंकी ने कार्यक्रम के मुख्य बिंदुओं का संक्षेप प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम किसानों, संस्थानों और समुदाय के बीच सहयोग को मजबूत करते हैं और सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होते हैं।

## एसएचओ पूजा पूनिया ने की महिला सशक्तिकरण विषय पर चर्चा

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** कालाडेरा स्थित सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय कालाडेरा के राज्य महिला नीति प्रभाग एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की छात्राओं व महिला संकाय सदस्यों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के क्रम में होने वाले कार्यक्रमों की कड़ी में थाना प्रभारी पूजा पूनिया की महिला सशक्तिकरण संदर्भित व्यावहारिक पक्षों पर आधारित एक आमुखीकृत कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफ़ेसर जय भारत सिंह ने कार्यशाला की मुख्य संदर्भ वार्ताकार पूनिया का स्वागत व अभिनंदन किया। अपने तकनीक सत्र में उन्होंने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पक्षों को व्यावहारिक व जीवन से जुड़े दृष्टांतों के साथ रेखांकित करते हुए बताया कि महिला सशक्तिकरण केवल एक वैचारिक विमर्श नहीं, बल्कि समाज के संतुलित और प्रगतिशील विकास की आधारशिला है। इस लिहाज से हमें ऐसा वातावरण बनाना होगा जहाँ हर बेटी व महिला को सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर मिलें। इसके लिए महिलाओं में



शिक्षा, निर्णय क्षमता और नीति व योजनागत जानकारियों का सतत विकास होना बेहद ज़रूरी उपागम है। कार्यशाला के परिचर्चा सत्र में प्रोफ़ेसर आशा सक्सेना, सह आचार्य रूबी शर्मा, प्रोफ़ेसर अनंता माथुर, डॉ. नीतू यादव, डॉ. मंजू वर्मा आदि ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। धन्यवाद ज्ञापन का दायित्व अकादमिक डीन प्रोफ़ेसर प्रणेता गुप्ता ने निभाया। कार्यशाला का संयोजन व संचालन महिला नीति प्रभाग की सदस्य डॉ. सिमंतनी पालावत ने किया।

## मकानों को निशाना बनाने वाले दो शातिर नकबजन गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** पुलिस ने सूने मकानों में चोरी की वारदात करने वाले दो शातिर नकबजनों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए चांदी के आभूषण और सिक्के भी बरामद किए हैं। उप महानिरीक्षक पुलिस सह पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी ने बताया कि 19 जनवरी 2026 को परिवादिया प्रेमलता पत्नी सत्यनारायण ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 17 जनवरी की रात उनके घर से सोने की अंगूठी, ओम, बड़ी-छोटी पायल और करीब 70-80 हजार रुपये नकद चोरी हो गए। उस समय परिवार के सदस्य नसीराबाद गए हुए थे। पड़ोसी से सूचना मिलने पर चोरी का पता चला। इस पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।मामले के खुलासे के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा तथा पुलिस उप अधीक्षक सांभरलेक अनुपम मिश्रा के निर्देशन में थानाधिकारी फुलेरा राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में विशेष पुलिस दल का गठन किया गया। पुलिस दल ने आसूचना संकलन और तकनीकी सहायता के आधार पर मंगलचंद और रोहित राय को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी रात के समय सूने मकानों के ताले तोड़कर नकदी और आभूषण चोरी करते थे। दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और अपनी नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों में मंगलचंद पुत्र प्रभातराम (36) निवासी नेहरू कॉलोनी वार्ड संख्या 3 सांभरलेक तथा रोहित राय पुत्र हरिशंकर (25) निवासी मिश्र कॉलोनी फुलेरा शामिल हैं। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार, मोहनलाल (सहायक उप निरीक्षक), महेन्द्र सिंह (मुख्य आरक्षक), राजेन्द्र कुमार, सरदार सिंह, अजय कुमार तथा रविदत्त सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## खेत में रखी सरसों के ढेर में आग, पीड़ित ने थाने में दी नामजद रिपोर्ट

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम कसियापुरा में खेत में एकत्रित कर रखी सरसों के ढेर में आग लगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने घटना को लेकर थाना राजाखेड़ा में नामजद रिपोर्ट दी है। जानकारी के अनुसार बाजना निवासी बनवारी पुत्र मायाराम ठाकुर ने बताया कि उसने अपनी सरसों की फसल मशीन से कुटवाने के लिए खेत में ढेर के रूप में एकत्रित कर रखी थी। 13 मार्च की रात करीब 10:30 बजे वह ट्यूबवेल पर सो रहा था, तभी उसे सरसों के ढेर में आग की लपटें दिखाई दीं। पीड़ित का आरोप है कि मौके पर पहुंचने पर उसने ब्रह्मचारी पुत्र रामविलास, अजीत व शैलेश सहित कुछ लोगों को वहां से भागते हुए देखा। शोर मचाने के बावजूद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस रात करीब 12:30 बजे मौके पर पहुंची, तब तक सरसों की फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। घटना की



जानकारी मिलने पर सुबह उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा भी मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। पीड़ित ने बताया कि कुछ दिन पहले आरोपियों ने विवाद के दौरान फसल में आग लगाने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नवनियुक्त ओबीसी मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष नेकराम कुशवाह का स्वागत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी मोर्चा चेयरमैन हरसहाय यादव द्वारा नवनियुक्त मनियां ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष नेकराम कुशवाह का कस्बे में सर्व समाज की ओर से स्वागत किया गया। नेशनल हाईवे स्थित कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में गणगौर मेला कमेटी अध्यक्ष महादेवा कुशवाह, सरपंच प्रतिनिधि ऊदल कुशवाह और दुवाटी सरपंच राजकुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माला और साफा पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर नेकराम कुशवाह ने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए संगठन को मजबूत करने और ओबीसी समाज को कांग्रेस से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता ऊदल कुशवाह और



देवेंद्र कुशवाह मुरलीपुरा ने भी नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। युवा कांग्रेस कार्यकर्ता लोहरेराम ने भी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी के लिए काम करने की अपील की। स्वागत समारोह में कुशवाह समाज के अध्यक्ष भीकमसिंह कुशवाह, नथुआ कुशवाह, गीतम सिंह, अन्नपाल कुशवाह, सुरेंद्र कुशवाह, जसवंत सिंह, गजेंद्र सिंह सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था की मीटिंग आज

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** रींगस रोड स्थित सैनी समाज में आज सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था राजस्थान के ब्लॉक चौमूं जिला जयपुर की मीटिंग रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि 15 मार्च को संस्था की आम सभा रखी जाएगी। आम सभा में 22 मार्च को फागोत्सव, होली मिलन समारोह व शपथ ग्रहण समारोह को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। इसमें चौमूं ब्लॉक के सभी कर्मचारी, अधिकारी व सेवानिवृत कर्मचारी-अधिकारी शामिल होंगे। आम सभा दोपहर 2 बजे सैनी सभा भवन चौमूं में होगी। आम सभा में प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार सैनी रेलवे व जयपुर जिला अध्यक्ष चौथमल सैनी भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर संरक्षक सुवालाल सिंगोदिया, महामंत्री सुरेश कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद कटारिया, संगठन मंत्री बाबूलाल तंवर , ग्यारसी लाल, गोपाल लाल बासा, ओमप्रकाश भगत आदि उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण कार्रवाई पर उठे सवाल, महिला की झोपड़ी हटाने पर लोगों में रोष

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजाखेड़ा की जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। आरोप है कि प्रशासन ने कार्रवाई के दौरान केवल एक अनुसूचित जाति की महिला की झोपड़ी हटाई, जबकि अन्य बड़े अतिक्रमण यथावत बने हुए हैं। जानकारी के अनुसार विद्यालय की भूमि खसरा नंबर 3949 पर अतिक्रमण की शिकायत के बाद सीमांकन कराया गया था। इसके बाद उपखंड अधिकारी के आदेश पर 9 मार्च को प्रशासनिक टीम ने अतिक्रमण हटाने की आंशिक कार्रवाई की। इस दौरान रामवती कोली नामक महिला का आवास हटाया गया, जबकि अन्य पक्के निर्माणों पर सीमित कार्रवाई ही की गई।

# तखतगढ़ में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई: ढाबों-रेस्टोरेंटों पर छापे, 8 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

### व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू सिलेंडरों के उपयोग पर सख्ती

### गैस एजेंसी के गोदाम का भी किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/तखतगढ़(निस)।** उपखंड प्रशासन ने शनिवार को तखतगढ़ नगर में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए कई प्रतिष्ठानों पर छापेमार कार्रवाई की। उपखंड के नेतृत्व में गठित टीम ने नगर के विभिन्न होटल-ढाबों और खाद्य प्रतिष्ठानों पर जांच की, जहां 8 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। अभियान के दौरान प्रशासनिक टीम ने पहले तखतगढ़ गैस सर्विस एजेंसी पर पहुंचकर उपभोक्ताओं से गैस आपूर्ति को लेकर फीडबैक लिया। मौके पर मौजूद कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की थी कि पिछले तीन-चार दिनों से सर्वर समस्या के कारण



सिलेंडर बुकिंग नहीं हो पा रही है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने एजेंसी प्रबंधन से इस समस्या को जल्द दूर करने के निर्देश दिए।

**विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई:**
इसके बाद प्रशासनिक टीम ने नगर में वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण करते हुए घरेलू सिलेंडरों के उपयोग की जांच की। कार्रवाई के दौरान कई जगह नियमों की अनदेखी सामने आई। बलाना मार्ग स्थित आरजे-57 नॉनवेज रेस्टोरेंट से 2 घरेलू सिलेंडर और एक गैस भट्टी जब्त की गई। रोडवेज बस स्टैंड के पास अभिषेक मिष्ठान भंडार से 2 घरेलू सिलेंडर पकड़े गए। श्री निम्बेश्वर महादेव कोल्ड ड्रिंक सेंटर से 2 घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए। राकेश कोल्ड ड्रिंक सेंटर से भी 2 घरेलू सिलेंडर बरामद किए गए। जांच के दौरान पाया गया कि इन सिलेंडरों का उपयोग नाश्ता और भोजन तैयार करने के लिए व्यावसायिक रूप से किया जा रहा था, जो नियमों के खिलाफ है। प्रशासन ने सभी सिलेंडरों को जब्त करते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों को कड़ी चेतावनी दी।

**पुलिस जाब्ता भी पहुंचा:**
कार्रवाई के दौरान स्थिति को देखते हुए उप तहसीलदार जितेंद्र बबेरवाल ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पुलिस जाब्ता भी पहुंच गया और कार्रवाई को सुचारू रूप से पूरा कराया गया। अभियान में डीएसओ/आरओ जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

**गैस एजेंसी के गोदाम की भी जांच:**
कार्रवाई के बाद टीम ने तखतगढ़ गैस सर्विस के गोदाम का भी निरीक्षण किया और गैस सिलेंडरों के स्टॉक की जांच की। जांच के दौरान गोदाम में सुबह का स्टॉक 433 सिलेंडर पाया गया। इसी दौरान 360 सिलेंडरों से भरी एक गाड़ी पहुंचने से कुल स्टॉक 793 सिलेंडर हो गया। अधिकारियों के अनुसार वर्तमान खपत के आधार पर दो दिनों तक गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं रहेगी और उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति जारी रहेगी। गैस सर्विस के प्रबंधक दलपत सिंह ने बताया कि पिछले तीन दिनों से घर-घर वितरण की सप्लाई बाधित होने के कारण एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि सर्वर समस्या के कारण बुकिंग में दिक्कत आई थी, जिसे जल्द ठीक किया जा रहा है।

**कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त**
उपखंड अधिकारी ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में ऐसी अनियमितता सामने आती है तो संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से तखतगढ़ नगर में हड़कंप मच गया और कई प्रतिष्ठान संचालकों में खासी हलचल देखने को मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से घरेलू गैस की कालाबाजारी पर रोक लगेगी और आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।



# अब मैं अपने एक्टिंग करियर पर पूरा फोकस करना चाहती हूं

रियलिटी शो रियलिटी शो 'द 50' से बाहर होने के बाद अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल ने इंटरव्यू में बड़ा बयान दिया। उन्होंने खुलकर बताया कि शो का अनुभव उनके लिए कैसा रहा और अब वह अपने करियर को किस दिशा में आगे बढ़ाना चाहती हैं। दिव्या अग्रवाल ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, ''मुझे इस बात की खुशी है कि मैं अब इस शो से बाहर आ चुकी हूं। यह शो काफी हद तक मेल डॉमिनेटेड था और इसमें बहुत ज्यादा फिजिकल एक्टिविटी शामिल थी। शो में हर कोई खुद को नोटिस करवाने की कोशिश कर रहा था। इसी वजह से कई बार कंटेस्टेंट्स एक-दूसरे के बारे में अजीब और अनचाही बातें भी कह देते थे। यह माहौल कई बार असहज कर देने वाला होता था।'' दिव्या ने आगे कहा, ''मैंने यह शो अपने फैंस की वजह से किया था। लंबे समय से मेरे फैंस मुझसे कह रहे थे कि मुझे एक और रियलिटी शो में हिस्सा लेना चाहिए। इसी वजह से मैंने 'द 50' में हिस्सा लेने का फैसला किया था।''

उन्होंने कहा, 'अब मैं किसी भी तरह का रियलिटी शो नहीं करूंगी। मेरा ध्यान सिर्फ और सिर्फ अभिनय पर रहेगा। मैं अपने एक्टिंग करियर पर पूरा फोकस करना चाहती हूं।'' दिव्या अग्रवाल के करियर की बात करें तो उन्होंने मनोरंजन की दुनिया में अपनी पहचान एक रियलिटी शो कंटेस्टेंट के तौर पर बनाई। साल 2017 में उन्होंने 'एमटीवी स्प्लिट्सविला 10' में हिस्सा लिया था। इस शो में वह अभिनेता प्रियांक शर्मा के साथ रनर-अप रहीं और यहीं से उन्हें बड़ी पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने कई रियलिटी शोज और टीवी प्रोजेक्ट्स में काम किया और धीरे-धीरे दर्शकों के बीच लोकप्रिय होती चली गईं। 2018 में दिव्या ने 'एमटीवी ऐस ऑफ स्पेस' में हिस्सा लिया और इस शो की विजेता बनीं। इस जीत ने उन्हें टीवी इंडस्ट्री में और मजबूत पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने एक्टिंग में डेब्यू किया और हॉरर वेब सीरीज 'रागिनी एमएमएस: रिटर्न्स' के दूसरे सीजन में नजर आईं। उनके करियर में बड़ा मोड़ तब आया वह 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 1' की विजेता बनीं। इस जीत के बाद उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ और उन्हें कई वेब सीरीज, म्यूजिक वीडियो और अन्य प्रोजेक्ट्स के ऑफर मिलने लगे।



# टीवी के बाद अब ओटीटी पर जादू बिखेरेंगी रूप दुर्गापाल

'स्वरागिनी,' 'कुछ रंग प्यार के ऐसे भी,' और 'बालवीर' जैसे कई धारावाहिकों में काम कर घर-घर में अपनी पहचान बना चुकी अभिनेत्री रूप दुर्गापाल अब ओटीटी डेब्यू करने जा रही हैं। दरअसल, अभिनेत्री जल्द ही आगामी वेब सीरीज 'संकल्प' में नजर आएंगी। इस सीरीज में वे अभिनेता मोहम्मद जीशान अय्यूब की पत्नी माधुरी के किरदार में हैं। रूप ने अपने को-स्टार जीशान के अभिनय की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'जीशान बहुत ही शानदार अभिनेता है। एनएसडी से पढ़ाई करने और फिल्मों-वेब सीरीज में इतना अनुभव होने के कारण उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। उनके सीन्स को देखने का नजरिया, भाषा पर अच्छी पकड़ और एनर्जी ने मेरे साथ के सीन को बेहतर बनाया। मैं हर दिन सेट पर उनके आने का इंतजार करती थी।' अभिनेत्री ने आगे सीरीज की पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने बताया कि शानदार कलाकारों के साथ काम करना ही उन्हें इस प्रोजेक्ट में शामिल होने के लिए उत्साहित कर रहा था। अभिनेत्री ने कहा, 'जब सबके पास अच्छा काम होता है, तो सेट पर और बाहर भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। नाना पाटेकर सर और प्रकाश सर के साथ काम करना एक्टिंग, फिल्म बनाने और जिंदगी के कई पहलुओं को समझने जैसा था। मेघना मलिक से भी बहुत कुछ सीखा। हम लंच और डिनर के दौरान भी खूब बातें करते थे। वे न सिर्फ बेहतरीन एक्टर हैं, बल्कि बहुत अच्छे इंसान भी हैं।' उन्होंने आगे बताया कि सीरीज के लिए उन्हें ऑफर कैसे मिला था। उन्होंने बताया, 'साल 2019 तक मैंने टेलीविजन से आगे जाने के बारे में ज्यादा नहीं सोचा था, लेकिन कोविड के दौरान सब कुछ बदल गया। लोगों को जाते देखकर मुझे एहसास हुआ कि जिंदगी बहुत छोटी है। कुछ भी कहा नहीं जा सकता। तब मैंने फैसला लिया कि अब उन चीजों को आजमाना है जिनसे पहले डर लगता था।'

उत्तराखंड के अल्मोड़ा की रहने वाली अभिनेत्री रूप ने सिल्वर स्क्रीन पर परफॉर्म करने के अलावा, थिएटर में भी काम किया, जो उनके लिए नया था। उन्होंने थिएटर को लेकर अपना एक्सपीरियंस शेयर करते हुए बताया, 'बिना कट, रीटेक के, महीनों रिहर्सल करके स्टेज पर परफॉर्म करना काफी अजीब था, लेकिन जिंदगी की अनिश्चितता ने मुझे हिम्मत दी। स्टेज पर खड़े होकर बिना किसी डर के परफॉर्म करना शानदार अनुभव था। इसी हिम्मत ने मुझे टीवी से आगे बढ़कर वेब सीरीज में आने की ताकत दी।' अभिनेत्री का मानना है कि हर किसी का सफर अलग होता है और सब कुछ अपने सही समय पर ही होता है। उन्होंने कहा, 'शायद मेरा सफर ऐसा ही होना था। सालों की संख्या मायने नहीं रखती। मैं बहुत खुश हूं कि यह सब अपने आप हुआ।' सीरीज का निर्देशन प्रकाश झा ने किया है। रूप ने निर्देशक की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'प्रकाश सर के साथ काम करना किसी बड़े संस्थान में पढ़ाई करने जैसा था। साथ ही काम में मजा भी आता था और यादगार पल भी बनते थे।'



# फिल्मों में मिलने वाली फीस सिर्फ जेंडर पर निर्भर नहीं होती

बॉलीवुड में अक्सर यह चर्चा होती रहती है कि एक्टर्स और एक्ट्रेसेस की फीस में काफी फर्क होता है। इसी मुद्दे पर अब अभिनेता सैफ अली खान ने अपनी राय रखी है।

हाल ही में यूट्यूब में एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान सैफ ने कहा कि फिल्मों में मिलने वाली फीस सिर्फ जेंडर पर निर्भर नहीं होती। उनके मुताबिक किसी कलाकार को कितना पैसा मिलेगा, यह काफी हद तक उसकी स्टार पावर और बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों को थिएटर तक लाने की क्षमता पर निर्भर करता है। सैफ का कहना है कि अगर दो कलाकार एक जैसी स्टार वैल्यू रखते हैं, तो उन्हें बराबर पैसा मिलना चाहिए। लेकिन फिल्म इंडस्ट्री का अपना एक आर्थिक गणित भी होता है। जो कलाकार ज्यादा दर्शक खींचता है, उसकी फीस भी उसी हिसाब से तय होती है।

## इंडस्ट्री में चीजें बेहतर हो रही हैं

उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ इसलिए किसी को ज्यादा या कम पैसे नहीं मिलने चाहिए कि वह मेल है या फीमेल। असल में इंडस्ट्री में यह तय होता है कि कौन स्टार बॉक्स ऑफिस पर कितना असर डाल रहा है। सैफ के मुताबिक धीरे-धीरे इंडस्ट्री में चीजें बेहतर हो रही हैं और अब पे-पैरिटी पर पहले से ज्यादा खुलकर बात हो रही है। सैफ अली खान दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर के बेटे हैं। उनकी शादी अभिनेत्री करीना कपूर से हुई है।

## वर्कफ्रंट

सैफ जल्द ही नेटफ्लिक्स की पीरियड ड्रामा फिल्म 'हम हिंदुस्तानी' में नजर आएंगे। यह फिल्म भारत के पहले लोकतांत्रिक चुनाव के पीछे की कहानी को दिखाती है। इस फिल्म में प्रतीक गांधी भी अहम भूमिका में हैं और इसका निर्देशन राहुल ढोलकिया ने किया है। हालांकि फिल्म की रिलीज डेट अभी घोषित नहीं की गई है। इसके अलावा सैफ के पास प्रियदर्शन की फिल्म 'हैवान' भी पाइपलाइन में है, जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार भी नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है, लेकिन इसकी रिलीज डेट का अभी इंतजार है। पिछले साल सैफ नेटफ्लिक्स की फिल्म 'ज्वेल थीफ: द हीस्ट बिगिन्स' में दिखाई दिए थे।

# करीना कपूर ने फिल्मों में खून-खराबे के ट्रेंड पर जाहिर की चिंता



करीना कपूर खान ने हाल ही में फिल्मों में बढ़ती हिंसा और खून-खराबे के ट्रेंड पर अपनी चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि आजकल की कई फिल्मों में पहले जैसी मस्ती, रंग, गाने और रोमांस की कमी महसूस होती है। हाल ही में द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में करीना ने कहा कि मौजूदा समय में कई फिल्में ज्यादा 'क्राइम और खून' पर ज्यादा फोकस करती हैं। उनके मुताबिक, इस तरह की फिल्मों में पहले जैसा मनोरंजन, एनर्जी, रंग और रोमांस देखने को कम मिलता है, जो कभी बॉलीवुड की पहचान हुआ करता था। करीना ने यह भी माना कि सिनेमा में बढ़ती 'हाइपर-मस्कुलिनिटी' यानी अत्यधिक मर्दानगी दिखाने का चलन उन्हें थोड़ा डराता है। उनका मानना है कि फिल्में सिर्फ एक्शन और हिंसा तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनमें प्यार, म्यूजिक और भावनाएं भी उतनी ही जरूरी हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो करीना कपूर खान जल्द ही निर्देशक मेघना गुलजार की फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।

# शानदार अभिनेता हैं नाना पाटेकर, अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित रहते हैं

अभिनेत्री कुब्रा सैत, जो इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म संकल्प को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में उनके साथ नाना पाटेकर हैं।

फिल्म संकल्प का निर्देशन प्रकाश झा कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इस बीच कुब्रा सैत ने नाना पाटेकर के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। कुब्रा ने कहा कि उन्होंने नाना पाटेकर से अभिनय की बारीकियां सीखीं हैं, साथ ही उन्हें काम के प्रति समर्पण भी सीखने को मिला। नाना पाटेकर की तारीफ करते हुए कुब्रा सैत ने कहा, नाना पाटेकर शानदार अभिनेता हैं। वह अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित रहते हैं। वह हर सीन को बहुत गंभीरता से लेते हैं और उसकी तैयारी भी उतनी ही मेहनत से करते हैं। वह अक्सर अगले दिन के सीन्स की कहानी खुद अपने हाथों से लिखते हैं और फिर उसकी हर लाइन को याद भी करते हैं। कुब्रा ने कहा, नाना पाटेकर की लिखने की शैली बहुत प्रभावशाली है और काम करने का तरीका भी बेहद अलग है। सेट पर उन्हें काम करते हुए देखना मेरे लिए किसी सीखने वाली क्लास की तरह है। सेट के बारे में बताते हुए कुब्रा ने कहा, संकल्प के सेट पर कलाकारों के बीच काफी सहयोग भरा माहौल था, जहां हर कोई एक-दूसरे से कुछ नया सीख रहा था। नाना पाटेकर जैसे कलाकार नई पीढ़ी के अभिनेताओं के लिए एक प्रेरणा हैं और उनके साथ काम करना किसी सौभाग्य से कम नहीं है।





# अपनी पर्सनल लाइफ के मुद्दे मैं खुद संभाल लूंगा

**एक्टर और राजनेता थलापति विजय इन दिनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। वजह है उनकी पर्सनल जिंदगी। विजय की पत्नी ने संगीता सोरनलिंगम ने 26 साल के वैवाहिक जीवन के बाद विजय से तलाक के लिए अर्जी डाली है। उन्होंने विजय के एक अभिनेत्री से अफेयर की बात कही है। इसके बाद विजय का नाम एक्ट्रेस तृषा कृष्णन के साथ जोड़ा जाने लगा। इस बीच हाल ही में विजय तृषा के साथ एक कार्यक्रम में भी शामिल हुए। वहीं विजय की फिल्म 'जन नायकन' को लेकर भी विवाद अभी तक थमा नहीं है। इस बीच अब विजय ने अपने आसपास की हाल ही की समस्याओं पर बात की है।**

अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बने थलापति विजय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। यह वीडियो चेन्नई में उनकी पार्टी 'तमिलगा वेट्री कजगम' (टीवीके) के महिला दिवस कार्यक्रम का है। इस कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए विजय ने अपनी हालिया समस्याओं को लेकर बात की। वीडियो में विजय अपने प्रशंसकों से अपील करते हुए दिख रहे हैं कि वे उनकी समस्याओं के कारण दुखी या तनावग्रस्त न हों। उन्होंने कहा, 'कृपया मेरे आसपास की हाल की समस्याओं के बारे में चिंता न करें। ये मुद्दे आपके समय के लायक नहीं हैं। मैं इन्हें खुद संभाल लूंगा। मुझे सबसे ज्यादा दुख तब होता है, जब आप मेरी समस्याओं के कारण दुखी या तनावग्रस्त होते हैं। कृपया मेरे लिए यह बोझ न उठाएं। इसके बजाय, लोगों के कल्याण पर ध्यान दें।'

## पत्नी ने दायर की विजय से तलाक की याचिका

विजय की ये टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब उनका निजी जीवन ऑनलाइन और मीडिया में व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ समय पहले ही उनकी पत्नी संगीता सोरनलिंगम ने 26 साल के वैवाहिक जीवन के बाद विजय से तलाक के लिए याचिका दायर की थी। विजय और संगीता का विवाह अगस्त 1999 में हुआ था और उनके दो बच्चे हैं - जेसन संजय और दिव्या शशा। पत्नी ने याचिका में आरोप लगाया गया है कि विजय का एक महिला अभिनेत्री के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर था। याचिका के अनुसार, संगीता को इस कथित संबंध के बारे में 2021 में पता चला। संगीता ने बाद में निवास सुरक्षा और आर्थिक सहायता के लिए एक और याचिका दायर की।

## तृषा के साथ कार्यक्रम में पहुंचे विजय

पत्नी के आरोपों के बाद विजय का नाम तृषा कृष्णन के साथ जोड़ा जाने लगा। तृषा और विजय का नाम इससे पहले भी जोड़ा गया था। हालांकि, बाद में दोनों का रिश्ता खत्म हो गया, लेकिन तृषा ने अभी तक शादी नहीं की है। ऐसे में जब पत्नी ने ये आरोप लगाए, तो सोशल मीडिया पर एक बार फिर तृषा का नाम विजय के साथ जोड़ा जाने लगा। इन आरोपों के बीच विजय तृषा के साथ फिल्म निर्माता कलपथी सुरेश और मीनाक्षी के बेटे के विवाह समारोह में पहुंचे। विजय और तृषा एक ही कार में समारोह में पहुंचे और साथ ही वहां से जाते हुए भी देखे गए। इसके बाद संगीता ने एक नई याचिका भी दायर की है।



## स्वच्छता जागरूकता व जनभागीदारी अभियान



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** राजस्थान दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में नगर पालिका बिजौलियां की ओर से स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छता संकल्प व जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य नगर क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना, नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा प्रशासन और आमजन के संयुक्त प्रयासों से नगर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वस्थ बनाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल, स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड एम्बेसडर मनोज गोधा व शिव कुमार तेली सहित अन्य नागरिकों, आमजन, नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनों ने सामूहिक रूप से नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता केवल नगर पालिका या प्रशासन का दायित्व नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का सामाजिक और नैतिक कर्तव्य भी है। मंगल ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फैलाने तथा नालियों व आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने की अपील की।इस अवसर पर नगर पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से नगर पालिका चौक से फूटा कोट, रावला चौक, छोटा दरवाजा, हॉस्पिटल रोड होते हुए बड़े चारभुजा नाथ मंदिर तक स्वच्छता रैली निकाली गई।

## मनिया में अवैध उपयोग व रिफिलिंग पर कार्रवाई: दो प्रतिष्ठानों से 12 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मध्य-पूर्व में जारी संकट के चलते एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला में संभावित व्यवधान की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर गठित विशेष प्रवर्तन जांच दल ने मनिया कस्बे में कार्रवाई करते हुए दो प्रतिष्ठानों से 12 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। जिला रसद विभाग मणि खींची ने बताया कि मनियां पीएनबी बैंक के सामने जीटी रोड स्थित लाला किराना स्टोर के परिसर में जांच के दौरान भूपेन्द्र बंसल के पास से 4 घरेलू गैस सिलेंडर, 2 अप्रमाणित छोटे सिलेंडर, 2 छोटे सिलेंडर बरामद किए गए। मौके से एक बांसुरीनुमा पाइप और रिफिलिंग उपकरण भी जब्त किया गया। पूछताछ में सामने आया कि घरेलू सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में अवैध रूप से गैस रिफिल कर बिक्री की जा रही थी। इसी प्रकार बसई नवाब रोड स्थित मूला हलवाई की दुकान पर जांच के दौरान घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए मिठाई, समोसा और कचौरी बनाते पाया गया। इस दौरान दुकानदार सतेन्द्र से 4 घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किग्रा) के साथ भट्ठी, नली और रेगुलेटर जब्त किए गए। दोनों प्रतिष्ठानों से कुल 12 गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं तथा संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में विशेष प्रवर्तन दल में प्रवर्तन अधिकारी गजेन्द्र बाबू शर्मा और जगदीश प्रसाद शर्मा शामिल रहे। जांच दल ने इस दौरान दो गैस एजेंसियों का भी निरीक्षण किया। डीएसओ खींची ने बताया कि 14 मार्च को जिले की सभी गैस एजेंसियों द्वारा लगभग 4000 सिलेंडरों का वितरण नियमानुसार किया गया है तथा एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें और अनावश्यक बुकिंग से बचें। आवश्यकता होने पर ही गैस बुकिंग कराएं। निर्धारित समय पर होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर आपके घर तक उपलब्ध कराए जाएंगे।



## राजस्थान दिवस समारोह कार्यक्रम: स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान दिवस समारोह 2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 14 से 19 मार्च तक स्वच्छता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत जिला स्तर पर स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ जिला परिषद कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबली राम जाट द्वारा किया गया और निर्देश दिए कि स्वच्छता सप्ताह में विभाग की ओर से जारी स्वच्छता सप्ताह कलैण्डर के अनुसार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन निर्धारित तिथि के अनुसार आवश्यक रूप से किया जाए। स्वच्छता सप्ताह के शुभारंभ कार्यक्रम में जिला परिषद कार्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहकर कार्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई।

## नया जोयला में 19-20 मार्च को श्री बायोसा माताजी मंदिर का पंचम मेला महोत्सव

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/शिवगंज(निस)।** सिरोही जिले के नया जोयला स्थित प्रसिद्ध श्री बायोसा माताजी (गोंगावा) मंदिर में पंचम मेला महोत्सव 19 व 20 मार्च को भक्तराज दरगाराम कुमावत के सानिध्य में आयोजित होगा। दो दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में आसपास के गांवों सहित दूर-दराज से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मेला महोत्सव का शुभारंभ 19 मार्च को पूजा-अर्चना व धार्मिक अनुष्ठानों के साथ होगा तथा रात्रि में भव्य भजन संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें भजन गायक जीवाराम देवासी (धनारी) व पूजा जोगसन भक्ति प्रस्तुतियां देंगे। 20 मार्च को सुबह 7 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश धारण कर शामिल होंगी। इसके बाद सुबह 11 बजे महाप्रसादी, हवन-यज्ञ व पूर्णाहुति का आयोजन होगा।

# सुमेरपुर से स्वच्छता का बिगुल: 6 दिन तक गांव-गांव चलेगा महाअभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रशासन सख्त

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** राज्य में मनाए जा रहे राजस्थान दिवस समारोह 2026 के तहत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत सुमेरपुर में स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से 14 से 19 मार्च तक विशेष स्वच्छता सप्ताह मनाया जाएगा। इसके तहत गांव-गांव में जनजागरूकता अभियान, स्वच्छता गतिविधियां और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में शनिवार को उपखंड कार्यालय सुमेरपुर में ब्लॉक स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने स्वच्छता सप्ताह के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की।

बैठक में विकास अधिकारी प्रमोद दवे ने बताया कि स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत 14 मार्च को ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति तथा ग्राम स्वच्छता दल की बैठकों के साथ की गई है। इन बैठकों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और कचरा प्रबंधन के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान प्रत्येक दिन अलग-अलग विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

**घर-घर और गांव-गांव पहुंचेगा स्वच्छता अभियान:**
15 मार्च को प्लास्टिक कचरा प्रबंधन दिवस मनाया जाएगा, जिसमें सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और उसके विकल्पों के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। 16 मार्च को क्लीन टॉयलेट दिवस के रूप में गांवों में शौचालयों की साफ-सफाई और नियमित उपयोग को लेकर प्रेरित किया जाएगा। 17 मार्च को ठोस कचरा प्रबंधन दिवस के तहत कचरे के पृथक्करण और वैज्ञानिक निस्तारण की जानकारी दी जाएगी। 18 मार्च को तरल कचरा प्रबंधन दिवस मनाकर स्वच्छ जल निकासी और साफ वातावरण के लिए गतिविधियां आयोजित होंगी। 19 मार्च को मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (एमएचएम) को लेकर स्कूली छात्राओं में जागरूकता कार्यक्रम और महिला मार्च का आयोजन किया जाएगा।

**सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रशासन सख्त:**
बैठक को संबोधित करते हुए उपखंड अधिकारी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने कार्यालयों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद किया जाए तथा कार्यालय परिसरों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वच्छता सप्ताह के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावी जनजागरूकता कार्यक्रम चलाने तथा आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। बैठक में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी गोविन्द सिंह चुंडावत, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी नरपतसिंह राजपुरोहित, सहायक अभियंता खेमराज बैरवा, ब्लॉक प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) रफीक मोहम्मद और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से हरिराम कलावंत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रामनवमी पर सुमेरपुर में उमड़ेगा आस्था का सैलाब: कुमावत समाज 26 मार्च को निकालेगा श्रीराम शोभा यात्रा

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव राम नवमी के पावन अवसर पर सुमेरपुर में इस वर्ष आस्था और उत्साह का भव्य नजारा देखने को मिलेगा। कुमावत समाज सुमेरपुर की ओर से 26 मार्च को रामनवमी महोत्सव के अवसर पर विशाल श्रीराम शोभा यात्रा और समाज सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर समाज में अभी से उत्साह का माहौल बन गया है और तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस संबंध में शुक्रवार को कुमावत समाज सेवा संस्थान सुमेरपुर के तत्वावधान में एवं अध्यक्ष नारायण गहलोत की अध्यक्षता में कुमावत समाज भवन में समाज के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्री राम मंदिर अयोध्या में मनाए जाने वाले रामनवमी महोत्सव के साथ ही सुमेरपुर में भी इसी दिन भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुमावत समाज महिला संस्थान सुमेरपुर व कुमावत समाज सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में समस्त समाजबंधुओं के सहयोग से प्रभु श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी, जिसमें भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान की आकर्षक झांकियां सजाई जाएंगी।

**शहर में गूंजेगा जय श्रीराम का जयघोष:**
आयोजकों अनुसार शोभायात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज, भगवा ध्वजों की लहर और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में रंग जाएगा। समाज के युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर शोभायात्रा को भव्य रूप देंगे।

**समाज सम्मेलन का भी होगा आयोजन:**
रामनवमी महोत्सव के अवसर पर समाज का एक सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज की एकता, संगठन और सामाजिक गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में समाज के गणमान्य लोग, वरिष्ठजन, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

**समाजबंधुओं से सहभागिता की अपील:**
बैठक में समाज के पदाधिकारियों ने सभी समाजबंधुओं से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रामनवमी महोत्सव समाज की आस्था, संस्कृति और एकता का प्रतीक है और इसे हर वर्ष और अधिक भव्य रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। रामनवमी महोत्सव और श्रीराम शोभायात्रा को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है तथा आयोजन को भव्य बनाने के लिए समाज के लोग तैयारियों में जुट गए हैं।

## पाली पुलिस में बड़ा फेरबदल: मोनिका सैन बनीं नई एसपी, आदर्श सिधु को भेजा जयपुर

**बड़ा प्रशासनिक फैसला, 64 आईपीएस अधिकारियों के तबादले**

**अजमेर की हाड़ी रानी बटालियन से पाली पहुंचेंगी नई पुलिस कप्तान**

जयपुर टाइम्स



**पाली/सुमेरपुर(निस)।** राज्य सरकार ने देर रात बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए प्रदेश के पुलिस महकमे में व्यापक फेरबदल कर दिया। सरकार की ओर से जारी 64 आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची के साथ ही कई जिलों की पुलिस कमान बदल दी गई। इसी कड़ी में पाली जिले को भी नई पुलिस कप्तान मिल गई है। अब जिले की पुलिस व्यवस्था की जिम्मेदारी मोनिका सैन संभालेंगी। सरकार के आदेश के अनुसार मोनिका सैन को अजमेर स्थित हाड़ी रानी बटालियन से पाली जिले में पुलिस अधीक्षक (एसपी) पद पर नियुक्त किया गया है। वे वहां कमांडेंट के रूप में अपनी सेवाएं दे रही थीं। अब पाली में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध नियंत्रण को लेकर वे नई रणनीति के साथ कार्य करेंगी। पाली जिले के वर्तमान पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधु का तबादला कर उन्हें जयपुर भेज दिया गया है। उन्हें वहां पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी), पुलिस आर्म्ड बटालियन के पद पर नियुक्त किया गया है। पाली में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई प्रशासनिक और पुलिसिंग पहल कीं और अब उन्हें राज्य स्तर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

**देर रात जारी सूची से हलचल:**
राज्य सरकार की ओर से देर रात जारी की गई इस तबादला सूची में कुल 64 आईपीएस अधिकारियों को इधर-उधर किया गया है। इस बड़े फेरबदल को प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि कई जिलों में पुलिस नेतृत्व बदला गया है। सूची जारी होते ही पुलिस और प्रशासनिक महकमे में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। पाली जिले में नई एसपी की नियुक्ति को भी महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। पाली जिला औद्योगिक गतिविधियों, व्यापारिक हलचल और विस्तृत ग्रामीण क्षेत्र के कारण पुलिस प्रशासन के लिए संवेदनशील माना जाता है। ऐसे में नई एसपी के सामने कई चुनौतियां होंगी। जिले में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई और आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करना प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। माना जा रहा है कि मोनिका सैन के जल्द ही पाली में पदभार ग्रहण करने के बाद जिले में पुलिसिंग की नई कार्यशैली देखने को मिल सकती है, जिससे कानून व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।

## यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिरे मंदिर जालोर आएंगे आज

**सिरे मंदिर में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में रहेंगे उपस्थित**

**सिरे मंदिर में रत्नेश्वर महादेव मंदिर की 375 वीं वर्षगांठ पर महायज्ञ का आयोजन**

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** गोरखपुर के पीठाधीश्वर व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को सिरे मंदिर धाम, जालोर आएंगे और सोमवार को रत्नेश्वर महादेव मंदिर की 375 वीं वर्षगांठ पर भेरुनाथ अखाड़े के महंत पीरजी गंगानाथ महाराज के पावन सानिध्य में महायज्ञ में आहुति देने के बाद धर्म सभा को सम्बोधित करेंगे। आयोजन समिति के व्यवस्थापक पारसमल परमार ने बताया कि पीरजी महंत गंगानाथ महाराज और योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में सिरे मंदिर धाम पर प्राचीन आराध्य धाम रतनेश्वर महादेव मंदिर की 375 वीं वर्षगाठ दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिरकत करेंगे। उनकी दो दिवसीय धार्मिक यात्रा को लेकर बैठक में कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारी प्रदान की गई। दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर सिरे मंदिर धाम पर तैयारियों जोरो पर जारी है। वही योगी आदित्यनाथ महाराज के सिरे मंदिर धाम पर आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं की ओर से व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर योगी प्रेमनाथ महाराज, योगी आनंदनाथ महाराज, योगी रेवती नाथ महाराज, योगी ईश्वरनाथ महाराज, योगी सांईनाथ महाराज, योगी शेरनाथ महाराज, योगी गोपालनाथ महाराज के सानिध्य में तैयारियां की जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज चितोडगढ से दोपहर 1.55 बजे हैलीकॉप्टर से रवाना होकर सिरे मंदिर रोड स्थित शांतिनाथ आदर्श विधा मंदिर स्कूल ग्राउंड में दोपहर 2.45 बजे पहुंचेकर विद्यालय भवन का अवलोकन करेंगे। वहां से पैदल मार्ग से दोपहर 4 बजे रवाना होकर सिरे धाम के लिए रवाना होगे। वही सिरे मंदिर तलहटी पर योगी आदित्यनाथ महाराज ब्रह्मलीन पीर शांतिनाथ महाराज की प्रतिमा के समक्ष अपनी आस्था प्रकट कर सिरे मंदिर धाम की ओर प्रस्थान करेगे। वही तलहटी पर भक्तो की ओर से योगी आदित्यनाथ महाराज का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद सिरे मंदिर धाम पर पहुंचकर वहा देवी देवताओं व पीर शांतिनाथजी महाराज की समाधि के दर्शन कर पीर गंगानाथ महाराज से भेंट कर देश में खुशहाली व शांति की कामना करेगे। योगी आदित्यनाथ महाराज रात्रि को सिरे मंदिर धाम पर ही विश्राम करेगे। वही 16 मार्च को प्रातः 6.30 बजे से श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर महायज्ञ की पूर्णाहुति देगे। इसके बाद सिरे मंदिर धाम स्थित कन्यागिरी प्रागंण में प्रातः 10 बजे विशाल धर्म सभा को सम्बोधित करेगे। धर्म सभा के समापन के बाद प्रातः 11.50 बजे पुनः हैलीपेड पहुंचेगे। जहा से हैलीकाप्टर से जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेगे तथा वहा से उत्तर प्रदेश के लिए प्रस्थान करेगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की सिरे मंदिर धाम धार्मिक यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्थाओं को पुख्ता इंतजाम किया गया है।

## लोक अदालत: विद्युत विभाग ने जुटाए 531 उपभोक्ताओं से 72 लाख रुपए



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड राजाखेड़ा में सिविल कोर्ट परिसर राजाखेड़ा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्यायिक मजिस्ट्रेट आकाश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें विद्युत विभाग उपखंड राजाखेड़ा के सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने अपनी पूरी टीम के साथ लोक अदालत में सहभागी बन कर उपभोक्ताओं के पुराने बिलों का अदालत के माध्यम से निपटारा किया जिस से कई विवादित मामलों का आपसी रजामंदी से निस्तारण हुआ जिस से आम लोगों को राहत मिली और उनके चेहरे पर बकाया चुकने का सुकून दिखा और लोक अदालत की खूब सराहना की ,लोक अदालत में आए लोगों से सहायक अभियंता तिवारी ने कहा कि आप अपना बकाया बिल भर कर अपने 5 साल के कटे कनेक्शन को चालू करवा सकते हैं। साथ ही कहा वे आगे से अपना बिल समय से जमा करें और अगर कोई बिल संबंधी कोई समस्या हो तो तुरंत कार्यालय आकर सम्पर्क कर सही करवाएं जिस से समस्याएं पैदा न होए। तिवारी ने बताया कि लोक अदालत में करीब 531उपभोक्ताओं ने 72 लाख रुपए के नकद बिल जमा कर लोक अदालत का लाभ लिया विद्युत विभाग के कर्मचारी अधिकारी सुबह 10:00 बजे से ही लोक अदालत में ए पहुंचे जहां पर शाम 5:00 बजे तक खाना भी नहीं मिलने के कारण गुड़ खाकर के कर्मचारियों ने बुझाई अपने पेट की आग।टीम में कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा, कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल और कनिष्ठ अभियंता रणवीर सिंह मूंड के साथ वरिष्ठ टेक्निशियन अवधेश कुमार शर्मा, सोनेश कुमार, जगदीश सिंह, संजय पचौरी, अमीर चंद,आसिफ खा, यूनिश खां, शमशेर खां,भूदेव शर्मा इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय नर्सिंग क्विज प्रतियोगिता में धौलपुर अव्वल, प्रदेश में बढ़ाया जिले का मान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** चिकित्सा, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में धौलपुर जिले के नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित किया। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि एनएचएम राजस्थान के प्री-सर्विस एजुकेशन प्रकोष्ठ की ओर से प्रतिवर्ष तीन चरणों में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। पहले जिला स्तर, फिर संभाग स्तर और अंत में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। गत फरवरी में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्रों के प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया था, जिसमें प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 9 मार्च को आयोजित हुई, जिसमें भरतपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए एएनएम प्रशिक्षण केंद्र धौलपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रवेश किया। इसके बाद 13 मार्च को जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी धौलपुर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

**राज्य स्तरीय अधिकारियों की देखरेख में हुआ आयोजन**
जिला आरसीएच अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन राज्य स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित हुई, जिसमें प्रश्नोत्तरी, ऑडियो-विजुअल राउंड और रैपिड फायर राउंड शामिल थे। बराबरी की स्थिति बनने पर टाई-ब्रेक राउंड भी आयोजित किया गया।

**प्रशिक्षकों और स्टाफ का रहा महत्वपूर्ण योगदान:**
एएनएम प्रशिक्षण केंद्र धौलपुर की प्रधानाचार्य कल्पना सेंगर ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छात्रा साहिबा और पूजा रावत ने जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि के पीछे प्रशिक्षणार्थियों की मेहनत के साथ-साथ प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षक पंकज मुद्गल का प्रतियोगिता की तैयारी में विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही ओमप्रकाश लोधी, नीलम, राधा तथा अवधेश जगरिया ने भी प्रशिक्षणार्थियों के मार्गदर्शन और सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों के ज्ञान और कौशल में वृद्धि होती है तथा उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, जिससे भविष्य में बेहतर और कुशल नर्सिंग सेवाएं समाज को मिल सकेंगी। इस उपलब्धि पर विभागीय अधिकारियों और स्टाफ ने विजेता टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिले में इस सफलता से चिकित्सा विभाग में खुशी का माहौल है।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
15 मार्च, 2026

## भामाशाह गिरधारी मेघवाल ने टांटिया सीएचसी को 1800 सीरिंज भेंट की




जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के टांटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को भाजपा नेता व भामाशाह गिरधारी मेघवाल ने अस्पताल को 1800 सीरिंज डोनेट की। पिछले कुछ महीनों से जिला औषधि भंडार चूरू से सीरिंज की सप्लाई बाधित होने के कारण बीदासर अस्पताल को सीमित मात्रा में ही सीरिंज मिल रही थी, जिससे मरीजों के उपचार में परेशानी आ रही थी। अस्पताल प्रभारी डॉ. राजेंद्र घोशल्या ने बताया कि मौसमी बीमारियों के चलते अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ने से सीरिंज की खपत भी अधिक हो गई थी। इस समस्या को देखते हुए अस्पताल प्रभारी ने भामाशाह गिरधारी मेघवाल को सहयोग के लिए प्रेरित किया, जिस पर उन्होंने तुरंत 1800 सीरिंज उपलब्ध करवाईं ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को उपचार में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस मौके पर अस्पताल प्रभारी डॉ. राजेंद्र घोशल्या ने भामाशाह गिरधारी मेघवाल का आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग प्रभारी रूपचंद दर्जी, मनमोहन शर्मा, सुमन कसवा, मोहन फार्मासिस्ट सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में विधायक बुड़ानिया ने सुनी लोगों की समस्याएं

### अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया ने शनिवार को अपने निजी निवास पर जनसुनवाई कर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर कई समस्याओं के मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। विधायक बुड़ानिया ने कहा कि तारानगर क्षेत्र में विकास कार्यों की गति को तेज करना जरूरी है और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान मोहरसिंह ज्याणी, हरिसिंह बेनीवाल, दौलत मेघवाल, आशिफ इकबाल, एडवोकेट पवन कुमार योगी, कुंदन सैनी, सुरेन्द्र सहारण, भगत सिंह भाकर, किस्तूर फौजी, रामस्वरूप झाझड़िया, हनुमान सिंह, जयनारायण, सरीफ और सुरेन्द्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 336 मामलों का निस्तारण, 1.56 करोड़ रुपये के अवार्ड पारित



जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार शनिवार को वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नीमकाथाना उपखण्ड स्तर पर किया गया। लोक अदालत के माध्यम से कुल 336 प्रकरणों का निस्तारण करते हुए 1 करोड़ 56 लाख 26 हजार 474 रुपये के अवार्ड पारित किए गए।तालुका विधिक सेवा समिति, नीमकाथाना के तत्वावधान में आयोजित इस लोक अदालत में बैंच संख्या 1 के अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हेमन्त जानू तथा सदस्य अधिवक्ता श्रीमती शशिकला सैनिक ने लंबित प्रकरणों के साथ प्री-लिटिगेशन प्रकरणों (बैंक रिकवरी, बिजली व पानी के बिल) सहित कुल 252 मामलों का निस्तारण कर 1 करोड़ 36 लाख 85 हजार 288 रुपये के अवार्ड पारित किए। वहीं बैंच संख्या 2 के अध्यक्ष अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट राकेश शर्मा व सदस्य अधिवक्ता दर्शन सिंह सैनी ने 84 प्रकरणों का निस्तारण करते हुए 19 लाख 41 हजार 186 रुपये के अवार्ड पारित किए। दोनों बैंचों की ओर से संयुक्त रूप से कुल 336 प्रकरणों का निस्तारण कर 1 करोड़ 56 लाख 26 हजार 474 रुपये के अवार्ड पारित किए गए। लोक अदालत को सफल बनाने में बार संघ अध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी सहित अधिवक्ता दिनेश शर्मा, रोशनलाल मोदी, हर्ष कुमार सैनी, सत्यनारायण सैनी, सत्यनारायण यादव, पंकज सैनी, लोकेन्द्र गुप्ता, चुन्नीलाल सैनी, मधुसूदन अग्रवाल, रामसिंह गुर्जर, जे.पी. चौधरी तथा लोक अदालत सदस्य दर्शन सिंह सैनी व शशिकला सैनिक का विशेष सहयोग रहा।

## मधुमक्खी के हमले से पांच गम्भीर घायल

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** फसल की कटाई कर रहे लोगों पर शनिवार को हमला कर दिया। मधु मक्खियों के हमले में पांच किसान गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद रैफर किया गया है। घटना तहसील के गांव दाउदसर की रोही की है। दाउदसर निवासी 60 वर्षीय बीरबलराम ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ खेत में सरसो की फसल की कटाई कर रहा था। इसी दौरान एक कींकर के पेड़ के पास पहुंचे, तो मधु मक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। हमले में बीरबलराम, 25 वर्षीय धन्नीदेवी, 75 वर्षीय हनुमानसिंह, 20 वर्षीय हीरालाल, 28 वर्षीय गिरधारीलाल घायल हो गया। मधु मक्खियों से बचने के लिए उन्होंने पहले कंबल ओढ़कर आग के पास बैठने का प्रयास किया, लेकिन मधु मक्खियों की संख्या बढ़ती देख, इन लोगों ने अपने आप को एक झौपड़े में बंद कर लिया और खेत में ही गाड़ी मंगवाई। लेकिन ये लोग मधु मक्खियों के हमले से बच नहीं पाए और घायल हो गए।

# कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी की सख्त मॉनिटरिंग का असर: जयपुर जिला बना प्रदेश में नंबर-1, कई योजनाओं में रचा रिकॉर्ड

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी की सतत मॉनिटरिंग और प्रशासनिक टीम की सक्रिय कार्यशैली के चलते जयपुर जिला राज्य में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन का मॉडल बनकर उभरा है। सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं और बीस सूत्री कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में जयपुर जिले ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. सोनी स्वयं योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा कर अधिकारियों को समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के अंतर्गत क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल श्रेणी में भी जयपुर जिले ने राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत प्राइमरी कलेक्शन ऑफ सॉलिड वेस्ट तथा रिमूवल ऑफ जीवीपी में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर जयपुर जिला प्रदेश में अव्वल रहा है। उन्होंने बताया कि बीस सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग तथा ऊर्जा विभाग ने राज्य स्तर से आवंटित लक्ष्यों को पूरी तरह हासिल कर लिया है। वहीं ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट श्रेणी में जिले ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त सीटी, पीटी और पिंक टॉयलेट श्रेणियों में भी जयपुर जिला राज्य के शीर्ष तीन जिलों में शामिल रहा है। जिले में बैंक सखी, कृषि सखी और पशु सखी कार्यक्रमों में भी निर्धारित लक्ष्य का शत-प्रतिशत हासिल कर लिया गया है, जो प्रशासन और संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। इसके अलावा प्रधानमंत्री कुसुम योजना तथा संशोधित वितरण क्षेत्र योजना के तहत 33 केवी और 11 केवी फीडर के बिफरकेशन कार्य में जयपुर जिला राज्य के शीर्ष 5 जिलों में शामिल रहा है। वहीं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के विभिन्न घटकों में भी जिले में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इस उपलब्धि पर जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन योजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं है, उनमें ठोस कार्ययोजना बनाकर सुधार सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान पंच गौरव योजना के तहत जिले में 'एक जिला-एक खेल' योजना के अंतर्गत कबड्डी को बढ़ावा देने तथा 'एक जिला-एक उपज' के माध्यम से किसानों में जनजागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की भी समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने इन पहलों को ग्रामीण विकास और युवाओं को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। गौरतलब है कि कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में फ्लेगशिप योजनाओं और बीस सूत्री कार्यक्रम की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. सोनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए जिले को विकास के नए आयाम तक पहुंचाया जाए।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में महिला अधिकारिता निदेशालय की समीक्षा बैठक

### लाडो प्रोत्साहन योजना सहित महिला सशक्तिकरण की सभी योजनाओं का बालिकाओं और महिलाओं को समयबद्धता के साथ दिया जाए लाभ



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** उपमुख्यमंत्री तथा महिला व बाल विकास मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में शनिवार को शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में महिला अधिकारिता निदेशालय की ओर से संचालित महिला अधिकारों के संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। उपमुख्यमंत्री को बैठक दौरान अधिकारियों ने महिला अधिकारिता निदेशालय की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन व योजनान्तर्गत आवंटित बजट एवं बजट में अब तक प्रगति की जानकारी दी गई। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने महिला अधिकारिता निदेशालय की ओर से संचालित उड़ान योजना के तहत बालिकाओं और महिलाओं को दिए जाने वाले निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन आपूर्ति समयबद्धता से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह अनुदान योजना के अंतर्गत योजना के दिशा निर्देशों एवं पोर्टल का अध्ययन कर उसे आमजन के लिए सुगम व प्रभावी बनाने निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के तहत भारत सरकार से बकाया बजट प्राप्त कर, बजट का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दिया कुमारी ने पिछले वर्ष की बजट घोषणाओं को समयबद्धता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष की बजट घोषणाओं को भी समय पर पूर्ण करने के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने लाडो प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत बालिकाओं को लाभान्वित करने के लिए योजना का प्रभावी पर्यवेक्षण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विभाग की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए निर्देश दिए।

## एडीजे कोर्ट में आयोजित शिविर में 80 उपभोक्ताओं को राहत

### कुछ मामलों का समाधान नहीं होने पर जताई नाराजगी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में शनिवार को एडीजे कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें बिजली विभाग के लंबित मामलों के निपटारों के लिए एक विशेष शिविर लगाया गया। जिसका लक्ष्य मार्च 2025 से पूर्व के कटे हुए बिजली कनेक्शनों को जोड़ना और ब्याज में छूट देकर उपभोक्ताओं को राहत देना था। हालांकि शिविर के दौरान अव्यवस्था और नियमों को लेकर उपभोक्ताओं व वकीलों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। शिविर में सरदारशहर ग्रामीण एईएन राजेश कुमार मीणा, भानीपुरा एईएन लोकेश कुमार मीणा और भादासर एईएन भोजराज प्रजापत अपनी टीमों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनीं। दोपहर 1 बजे तक लगभग 80 उपभोक्ताओं के मामलों का निस्तारण कर उन्हें राहत प्रदान की गई। मालकसर निवासी शिशपाल ने बताया कि उनके घर का एक महीने का बिजली बिल 24 हजार रुपए आया था। समाधान की उम्मीद में लोक अदालत पहुंचे। लेकिन विभाग की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने विरोध दर्ज कराया। खेजड़ा गांव के ओम प्रकाश ने आरोप लगाया कि उन पर 26 हजार रुपए की वीसीआर भरी गई थी। राहत की उम्मीद में अदालत पहुंचे। लेकिन उन्हें कोई सहायता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के नाम पर आमजन को केवल परेशान किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता अमरचंद सिद्ध, ओमप्रकाश बेनीवाल और केसराराम पांडर ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। एडवोकेट पांडर ने कहा कि कमजोर और गरीब उपभोक्ताओं के कनेक्शन लंबे समय से कटे हुए हैं।

## लोक अदालत में 67 प्रकरणों का निस्तारण

### 67,99,990 रुपये की वसूली



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के अपर जिला व सेशन न्यायधीश संतोष कुमार मीणा की अध्यक्षता में न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें सदस्य के रूप में एडवोकेट जितेन्द्र सिंह राठौड़ का सहयोग रहा। एडीजे संतोष कुमार मीणा ने बताया कि उक्त लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरणों में दांडिक शमनीय के 15 प्रकरणों, 138 एन.आई. एक्ट के 03 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 28,490 रूपये की वसूली हुई, वैवाहिक मामलों के 02 प्रकरणों, भरण पोषण के 23 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 2,93,500 रूपये की वसूली हुई, सिविल व धन वसुली मामलों के 07 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, एमएसिटी के 7 प्रकरणों में कुल राशि 49,80,000 के पंचाट पारित किये गये। बैंक तथा बीएसएनएल के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में 10 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, जिनमें 14,98,000रूपये की वसूली हुई इस प्रकार उक्त लोक अदालत में कुल 67 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 67,99,990/- रूपये की वसूली हुई। लोक अदालत के दौरान अपर लोक अभियोजक पंकज कुमार स्वामी, बार संघ अध्यक्ष प्रभुदयाल सहारण, एडवोकेट निर्मल कुमार प्रजापत, जयंत यादव, साजिद खान, विकास सिहाग, ओमप्रकाश सहारण, ललित देव, विकास सोनी, न्यायालय के कर्मचारी सुरेश कुमार, घनश्याम शर्मा, मुकेश पूनियाँ, कैलाश सिह, टीकूराम बाकोलिया सहित बैंक कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## अवैध गैस रिफिलिंग पर जयपुर जिला प्रशासन ने कसा शिकंजा - 130 सिलेंडर जब्त, कई स्थानों पर एफआईआर दर्ज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग, भंडारण और कालाबाजारी पर जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर गठित त्रिस्तरीय जांच दलों ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अब तक 130 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। साथ ही आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज करवाई गई है।जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय संघमित्रा बेरडिया ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गठित जांच दल लगातार विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण और कार्रवाई कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग और भंडारण के मामले सामने आए, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिलेंडरों को जब्त किया गया तथा संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नजदीकी थानों में प्रकरण दर्ज कराए गए।

संघमित्रा बेरडिया ने बताया कि प्रशासनिक टीमों ने 25 से अधिक गैस एजेंसियों की भी जांच की है, ताकि गैस वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और निर्बाध बनी हुई है। शनिवार, 14 मार्च 2026 को जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में 13 हजार 229 घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की गई, जिससे उपभोक्ताओं को किसी तरह की कमी का सामना नहीं करना पड़ा।

जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध गैस रिफिलिंग और कालाबाजारी में लिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन से भी अपील की गई है कि ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## पुष्कर राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए विप्र फाउंडेशन चूरू के पदाधिकारी रवाना

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** विप्र फाउंडेशन चूरू जिले के पदाधिकारी रविवार को पुष्कर में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन व राष्ट्रीय परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए रवाना हुए हैं। बैठक में वर्ष 2026-2028 के लिए राष्ट्रीय व प्रांतीय स्तर की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और फाउंडेशन की आगामी गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही प्रखर जी महाराज के सानिध्य व विप्र फाउंडेशन के संयोजन में पुष्कर में आयोजित शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ में भी पदाधिकारी वेदी पर आहुति देंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा राजगढ़, प्रदेश महामंत्री अरविन्द गौड़, प्रदेश सचिव विकास डुमोली, बाबू मोशाय, राष्ट्रीय प्रभारी रामवतार शर्मा, जिलाध्यक्ष शम्भु दयाल शर्मा तथा युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र सरदारशहर अधिवेशन में भाग लेने के लिए रवाना हुए हैं। प्रदेश प्रवक्ता मदन मिश्र ने बताया कि इस राष्ट्रीय अधिवेशन में राजस्थान जोन से छह पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। जो सम्पूर्ण विप्र समाज के लिए गर्व और खुशी की बात है। चूरू जिले के पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति समर्पण भाव से अपने दायित्वों का जोन में ईमानदारी से निर्वहन किया है। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन चूरू के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सभी प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पुष्कर के लिए रवाना किया। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने दी।

## नेत्रदान के लिए समाज में जागरूकता की आवश्यकता: लॉयन उमा झंवर

### श्रेष्ठा कार्यक्रम में लॉयन्स क्लब ने किया महिला शक्ति का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय माहेश्वरी भवन में लायंस क्लब सुजानगढ़ की ओर से श्रेष्ठा 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय नेत्रदान के प्रति आम लोगों को जागरूक करना रहा। इंदौर की एम के इंटरनेशनल आई बैंक की डायरेक्टर लॉयन उमा झंवर, लायंस क्लब के जोन चेयरपर्सन कमल तापड़िया, कार्यक्रम संयोजक सुनीता रावतानी, सुनीता तापड़िया, क्लब अध्यक्ष प्रशांत पारीक, प्रशासक सविता राठी ने सालासर बालाजी महाराज के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत भाषण देते हुए प्रशांत पारीक ने नेत्रदान का महत्व बताया और क्लब की गतिविधियों को रेखांकित किया। वहीं नन्हीं श्रद्धा सैन ने शिव तांडव पर योग के अनेक आसनों की शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य वक्ता एम के इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर की डायरेक्टर लॉयन उमा झंवर ने दृष्टि के उपहार को बनाएं एक जीवंत विरासत विषय पर विचार प्रकट किए। नेत्रदान का संकल्प लेने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि नेत्रदान कौन, कब, कहां कैसे कर सकता है, इसकी जानकारी लेकर अगर अभियान चलाया जाए, तो समाज में कोई बिना देखे नहीं रहेगा। उन्होंने स्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के इस ओर किए गए प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कोविड जैसी गंभीर बीमारियों के मरीज नेत्रदान नहीं कर सकते, जबकि सहसा मृत्यु के शिकार लोग जैसे दुर्घटना, सांप के काटने से मृत लोगों के नेत्रदान हो सकता है। आंख का कॉर्निया सही है, तो नेत्रदान संभव है। उन्होंने सभी लोगों से सामाजिक आयोजनों में इस विषय पर बात करने की अपील की। वक्तव्य के बाद लॉयन उमा झंवर का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज में विशेष सेवा कार्य से छाप छोड़ने वाली महिला शक्ति को सम्मानित किया गया। गोपालपुरा पंचायत की प्रशासक सविता राठी, ध्रुपद गायिका डॉ. गायत्री शर्मा, साहित्यकार डॉ. साधना प्रधान, योग विशेषज्ञ अंजनी सैन, श्रद्धा सैन को समाज में प्रेरणास्पद गतिविधियों के लिए सम्मानित किया गया। बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल प्रमिला तिवाड़ी के निर्देशन में विद्यार्थियों ने महिला शक्ति को समर्पित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इससे पहले अतिथियों का स्वागत कमला सिंघी, रजनीकांत सोनी, मोनिका सोनी, सुनीता बेदी, रोहित शर्मा, मुरली राठी, अशोक जाजू आदि ने किया। कार्यक्रम में गिरधर शर्मा, शर्मिला सोनी, ऊषा बगड़ा, श्याम स्वर्णकार, मूलचंद तिवाड़ी, प्रभु दयाल स्वामी, स्नेहप्रभा मिश्रा, मधु बागरेचा, कृष्णा शर्मा, डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा, महावीर मिरणका सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

लोगों को स्लाईड्स के माध्यम से नैत्रदान के प्रति जागरूक किया गया। संचालन सुषमा मूंधड़ा ने किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 133 मामलों का निस्तारण, 25.79 लाख रुपए के अवार्ड पारित

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश अजय गोदारा व जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील की संयुक्त बैंच ने विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई करते हुए 133 मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण किया। इन प्रकरणों से संबंधित कुल 25 लाख 79 हजार 211 रुपए के अवार्ड पारित किए गए। लोक अदालत के माध्यम से बड़ी संख्या में लंबित मामलों का त्वरित समाधान होने से परिवादियों को राहत मिली।

राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के आदेश की करवाई अक्षरश पालना:

लोक अदालत के दौरान नवलगढ़ क्षेत्र के 2 विद्युत उपभोक्ताओं के मामलों में राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग, नई दिल्ली के आदेश की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करवाई गई। साथ ही संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए कि विद्युत कनेक्शन से जुड़ी उपभोक्ताओं की समस्याओं का आगामी 7 दिनों में विशेष रूप से समाधान किया जाए। गौरतलब है कि जिला उपभोक्ता आयोग की ओर से उपभोक्ताओं के पक्ष में दिए गए निर्णय को विद्युत विभाग ने राज्य आयोग और राष्ट्रीय आयोग में चुनौती दी थी, लेकिन जिला आयोग झुंझुनूं के निर्णय को राज्य व राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने भी यथावत बरकरार रखा।

अधिवक्ताओं व अधिकारियों की रही सक्रिय भागीदारी:

लोक अदालत की कार्यवाही के दौरान अधिवक्ताओं और विभागीय अधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति रही। इस अवसर पर एडवोकेट नीरज कुमार व नवीन सैनी ने मामलों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यवाही के दौरान एसई एवीवीएनएल महेश टीबड़ा, एक्सईएन व नोडल अधिकारी प्रदीप भांबू, विधि अधिकारी डॉ. प्रज्ञा कुलहार, एईईएन अनिल कालेर व महेश कुमार सैनी, जिला अभिभाषक संस्था के पूर्व अध्यक्ष विजय ओला, अभिभाषक संस्था के सचिव विकास महमिया, वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश झाझड़िया व भगवान सिंह भी मौजूद रहे। इसके अलावा उपभोक्ता आयोग के सहायक प्रशासनिक अधिकारी भीमसिंह राजपुरोहित, रीडर महावीर सिंह मीणा, वरिष्ठ सहायक चंदन सैनी, एजाज नबी, मोहम्मद आदिल, अमित शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवकता, परिवादी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

निस्तारण में अहम योगदान देने वाले अधिवक्ता होंगे सम्मानित:

उपभोक्ता आयोग की न्याय टेबल पर लोक अदालत में प्री-काउंसलिंग के माध्यम से सैकड़ों प्रकरणों के निस्तारण में अहम भूमिका निभाने वाले एडवोकेट नीरज कुमार व नवीन कुमार सैनी को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इसकी घोषणा आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने की। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से विवादों का त्वरित, सस्ता और सौहार्दपूर्ण समाधान संभव होता है, जिससे न्यायालयों में पेडेंसी का भार भी कम होता है और आमजन को शीघ्र राहत मिलती है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में कई मामलों का आपसी समझौते से निस्तारण



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के सिविल न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन माननीय नालसा, रालसा, डालसा, राजस्थान उच्च न्यायालय व जिला व सेशन न्यायाधीश चूरू के निर्देशानुसार किया गया। लोक अदालत की अध्यक्षता सिविल न्यायाधीश व न्यायिक मजिस्ट्रेट बीदासर सरिता कायथ (आरजेएस) ने की। लोक अदालत में न्यायालय में विचाराधीन विभिन्न प्रकार के मामलों, राजस्व प्री-लिटिगेशन तथा अन्य मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान पक्षकारों के बीच आपसी सहमति और समझाइश के आधार पर मामलों का सुलह-समझौते से निस्तारण करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव, पैनल अधिवक्ता सदस्य अरविंद चौधरी, बार संघ अध्यक्ष किशनलाल भादू सहित कई अधिवक्ताओं ने पक्षकारों को समझाइश कर विवादों को आपसी सहमति से समाप्त कराने में सहयोग दिया। इस दौरान अधिवक्ता रघुवीर भामू, दीनदयाल प्रजापत, शाहिद सोलंकी, परमानंद बिजारणियां, लालचंद जाट, गोवर्धन सिंह, महेश छापोला, आमिन शेख, तिलोक पिलानिया, गोविंद जाखड़, राधाकिशन, अख्तर सोलंकी और इरफान सोलंकी मौजूद रहे। लोक अदालत को सफल बनाने में न्यायालय के कर्मचारी रामस्वरूप, रणवीर सिंह राठौड़, रविंद्र जोशी, सुभाष तथा रणवीर सिंह ने भी सहयोग दिया।

## हरिनगर खेत की ढाणी में आग से नकदी व सामान राख



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के हरिनगर क्षेत्र में शनिवार को एक खेत में बनी ढाणी में अचानक आग लगने से बड़ा नुकसान हो गया। आग लगने से ढाणी में रखा नगद, खाने-पीने का सामान, कपड़े और चांदी का सामान सहित लगभग सारा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार हरिनगर निवासी इन्द्रराम बावरी ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से अपने खेत में बनी ढाणी में परिवार सहित रह रहा है। शनिवार को पड़ोस में एक महिला की मौत होने पर वह परिवार सहित अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान अचानक उसने अपनी ढाणी की तरफ से धुआं उठता देखा। इन्द्रराम ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचा तो उसकी ढाणी में आग लगी हुई थी। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि आग काफी तेज थी, जिससे आग पर काबू पाने से पहले ही ढाणी में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। आग लगने से ढाणी में रखे करीब 20 हजार रुपये नकद, खाने-पीने का सामान, कपड़े और चांदी का सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना से पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

## गोपालपुरा में सुरक्षा सखियों को दी कानूनी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुरक्षा सखी पखवाड़ा के तहत ग्राम गोपालपुरा में सुरक्षा सखियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सुरक्षा सखियों को महिलाओं के प्रति अपराधों, साईबर अपराधों के बारे में जानकारी दी गई और उनसे बचने के उपाय बताये गये। इसी प्रकार महिलाओं की समस्याएं सुनी गई। सब इंस्पेक्टर सुश्री गीता विश्नोई के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को बताया गया कि अपराध कारित होने के बाद वो कौनसे विधिक उपचार प्राप्त कर सकती हैं। बैठक में अनिता, रतनलाल कांस्टेबल आदि मौजूद रहे, जिन्होंने भी महिलाओं को कानूनी जानकारी देते हुए जागरूक किया।

## राजसखी मेला का समापन समारोह आज

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिला प्रशासन व राजीविका के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राजसखी मेला, झुंझुनूं का भव्य समापन समारोह रविवार को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। यह मेला 7 मार्च से 15 मार्च तक शहीद परमवीर पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से तथा जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन व विक्रय किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भाम्बू होंगे। कार्यक्रम के दौरान बजट घोषणा के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को टैबलेट वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन श्रेष्ठ स्टॉलों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## शिक्षक ने विद्यालय को भेंट की स्वचालित घंटी व अलमारी



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाहिदपुरा में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक धर्मवीर दुलड़ ने अपने पिता सूबेदार नोरंग सिंह दुलड़ की पहली पुण्यतिथि पर विद्यालय को स्वचालित विद्युत घंटी और 15 लॉकर युक्त अलमारी भेंट की। इस अवसर पर अलमारी व घंटी का उद्घाटन उनकी माताजी मनोहरी देवी के कर कमलों से करवाया गया। धर्मवीर दुलड़ वर्तमान में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीतसर (चूरू) में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनका कहना है कि शिक्षा के मंदिर में किया गया दान सर्वोच्च होता है। इसी भावना के साथ वे अपने परिवार–माताजी मनोहरी देवी, बड़े भाई राजेश कुमार, पत्नी इंद्रमणि और भतीजे सचिन–के साथ विद्यालय पहुंचे और विद्यार्थियों को फल वितरित किए। कार्यक्रम में दुर्जाराम, सांवरमल, हरि सिंह, अध्यापक विद्याधर, भानीराम झाझड़िया, नंदलाल और हितेश खीचड़ सहित कई लोग उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन कुमारी ने विद्यालय परिवार की ओर से धर्मवीर दुलड़ व उनके परिवार का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय सूबेदार नोरंग सिंह का परिवार समाज सेवा में सक्रिय रहा है और भविष्य में भी ऐसे पुण्य कार्य करता रहेगा। इस दौरान उपप्रधानाचार्य नीलम, व्याख्याता अभिलाषा, सरोज, सुरेंद्र सिंह, सुनील कुमार, नरेश कुमार, राजकुमार, राजेश कुमार, नरेंद्र कुमार, नीलम बेनीवाल, कमला, कमला खीचड़, नीरज लता और वर्षा जांगिड़ सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन नरेश कुमार ने किया।

## पिंक टॉयलेट का शुरू करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय गांधी चौक में नव निर्मित पिंक टॉयलेट को शुरू करवाए जाने की मांग निवर्तमान पार्षद गणेश मंडावरिया ने की है। डीएलबी जयपुर के निदेशक को पत्र लिखकर मंडावरिया ने बताया है कि मुख्य बाजारों में टॉयलेट नहीं होने से महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए करीब 30 लाख की लागत से बने पिंक टॉयलेट का जल्द से जल्द शुभारंभ किया जाए।

## देव भक्तों को मालासेरी डूंगरी तक निःशुल्क बस यात्रा कराएगा संचालक



जयपुर टाइम्स

**बड़ागांव-केशरीपुरा।** हीरामल देव महाराज मंदिर, केशरीपुरा में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता व निजी बस मालिक महिपाल दोराता (पुत्र भोलाराम दोराता गुर्जर) का भक्तों ने स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर उन्हें पुष्पमालाएं और देवनारायण भगवान का दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। भगत ताराचंद गुर्जर ने बताया कि महिपाल गुर्जर की निजी बस में देव महाराज के गुरु व भक्तों से किराया नहीं लिया जाएगा। उनकी इस पहल से भक्तों में खुशी है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष यह बस एक बार सभी देव भक्तों को पवित्र तीर्थ स्थल देवनारायण भगवान की मालासेरी डूंगरी तक निशुल्क यात्रा भी कराएगी। कार्यक्रम में गुरुजी गुलाबचंद गुर्जर, भगत ताराचंद गुर्जर, भगत बीरबल गुर्जर, नून भगत सरदाराराम गुर्जर, देवसेना प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर, महेंद्र गुर्जर, राजेश गुर्जर, भगत आदित्य गुर्जर, नवीन गुर्जर सहित कई भक्त मौजूद रहे। सभी ने बस मालिक महिपाल गुर्जर की इस सराहनीय पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

## कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन कल

**झुंझुनूं(निस)।** जिला कांग्रेस की ओर से सोमवार को सुबह 9 बजे जिला कलेक्ट्रर पर केन्द्र सरकार की असफल नीतियों के कारण पूरे देश में रसोई गैस की किल्लत व बढ़ती कीमतें चरम सीमा पर होने के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कांग्रेसाध्यक्ष व मण्डावा विधायक रीटा चौधरी ने बताया कि बेरोजगारी भ्रष्टाचार तथा बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था के कारण किसान, मजदूर बेरोजगार युवकों में भारी असंतोष है।

## पीसीटीएस, एचएमआईएस नवीन अपडेट व प्रगति समीक्षा प्रशिक्षण आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पंचायत समिति सभागार में शनिवार को पीसीटीएस/एचएमआईएस में हुए नवीन अपडेट व प्रगति समीक्षा संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों को पोर्टल में हुए नवीन बदलावों की जानकारी देना तथा कार्य की समीक्षा करना। प्रशिक्षण में आरसीएचओ डॉ. शशांक चौधरी ने पीसीटीएस व एचएमआईएस पोर्टल में हुए नवीन अपडेट तथा डेटा एंट्री की शुद्धता पर जोर दिया। बीसीएमओ चूरू डॉ. जगदीश सिंह भाटी ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की रिपोर्टिंग को समय पर और सही तरीके से अपडेट करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएनओ एनएचएम हनुमान प्रसाद शर्मा ने पोर्टल पर डेटा अपडेट, रिपोर्टिंग प्रक्रिया एवं फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान के बारे में जानकारी दी गई। खण्ड कार्यक्रम अधिकारी ओमप्रकाश प्रजापत ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। नितिन शर्मा संगणक, राजश्री सूचना सहायक ने डिजिटल हेल्थ इंसेंटिव स्कीम के अंतर्गत सभी उप स्वास्थ्य केंद्रो के रजिस्ट्रेशन के बारे में बताया। प्रशिक्षण में खण्ड चूरू की समस्त एएनएम उपस्थित रही।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर शुरू



जयपुर टाइम्स

**झुन्झुनूं(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय गणपति नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ हुआ। शिविर में माँ सरस्वती की पूजा - अर्चना के साथ शिविर के प्रथम दिन शिविरार्थियों ने गोद ली गई बस्ती गणपति नगर में साफ़ - सफाई कार्य कर पेड़ -पौधो को पानी दिया। कार्यक्रम प्रभारी ने सात दिवसीय शिविर की दैनिक कार्य रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया की शिविर में सामाजिक जागरूकता, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण टीकाकरण, वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत अभियान व नेतृत्व, अनुशासन की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने समाज सेवा, जल संरक्षण, राष्ट्र हित, गोद ली गई बस्ती में सेवा का काम राष्ट्र सेवा के बराबर बताया। उन्होंने विधार्थियों से समूह कार्य के रूप में कार्य करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही कहा सफलता का कोई शोर्टकट नहीं होता। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़, प्रभारी सुधीर शर्मा, प्राध्यापक मंगलाराम, मनीष सैनी, पवन कुमार, दिनेश कुमार व समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## रबी की फसल सीजन किसानों के लिए महत्वपूर्ण, मुआवजे की मांग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** रबी की फसल इस समय किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण चरण में है। ग्रामीण क्षेत्र में गेहूं, चना, सरसों और जौ की फसल पकने के करीब हैं। किसानों का मानना है बारिश न होने की वजह से फसलों में नुकसान हुआ है। इसलिए फसल कटाई प्रयोग पारदर्शिता से हो जाए तो किसानों को बीमा मिल जाए और नुकसान फसल की भरपाई हो जाए। इस बार मौसम अनुकूल रहने से किसानों को अच्छी पैदावार की उम्मीद नहीं है। हालांकि कई जगहों पर समय-समय पर मौसम में बदलाव और बारिश की कमी से किसानों के माथे पर चिंता का कारण भी बनी हुई है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम सही नहीं रहा और सरकार द्वारा फसल बीमा तथा समर्थन मूल्य का लाभ समय पर मिला तो उन्हें मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। रबी की फसल ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाती है और इससे किसानों की आय और बाजार पर सीधा असर पड़ता है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत जोगलसर पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक :- दिनांक :- 11.03.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जोगलसर में वर्ष 2025-26 विभिन्न स्वीकृत विकास कार्यों हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है । इस हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्तें http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 18.03.2026 को खोली जायेगी ।

| क्र.सं. | निविदा सूचना संख्या | NIB NO | UBN No | वि.वि. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10/2025-26/ 09.02.2026 | ZCR 2526 A 1688 | ZCR 2526 WSOB 02910 | |

प्रशासक
ग्राम पंचायत जोगलसर
पंचायत समिति बीदासर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जोगलसर
पंचायत समिति बीदासर

## आम सूचना

मैं रामनिवास पुत्र सुरजाराम जाति जाट निवासी वार्ड नं.04, पंचायत समिति के पीछे कस्बा बीदासर तहसील बीदासर जिला चूरू का हूं। जो कि मैं निम्नलिखित घोषणा एवं सूचना आम व खास प्रकाशित करवा रहा हूं कि
मेरी पुत्री पुष्पा उर्फ डाली उम्र 18 वर्ष मेरे संयुक्त परिवार से अलग हो गई है और कई महिनों से मेरे कहने में नहीं है। उसका व्यवहार मेरे व मेरे परिवार के साथ अच्छा नहीं है। इसलिए मैं अपनी पुत्री पुष्पा उर्फ डाली को अपनी सम्पूर्ण चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। मेरी पुत्री पुष्पा उर्फ डाली का मेरी किसी पैतृक सम्पति, चल व अचल सम्पति में किसी भी प्रकार का हक व हिस्सा नहीं रहेगा। भविष्य में मेरी पुत्री पुष्पा उर्फ डाली के साथ कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह के व्यवहार, लेन-देन रखता है तो उसके लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं हैं, उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं व मेरी पुत्री पुष्पा उर्फ डाली जिम्मेदार रहेगी। एवं मेरी पुत्री पुष्पौं उर्फ डाली अपनी मर्जी से कहीं भी रहे। अब मेरी पुत्री पुष्पा उर्फ डाली से मेरा व मेरे परिधार का कोई लेना-देना, कोई वास्ता नहीं है, वह अपने जीवन की खुद जिम्मेदार रहेगी। सूचित रहे।
दिनांक :13/03/2026

एडवोकेट रघुवीर भामु बीदासर

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड - तारानगर (राजस्थान) 331304

exennphed trn@rediffmail.com eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक 2626-43 दिनांक 10.03.2026

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Online tenders are hereby invited on behalf of the Honble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www. dipr. rajasthan. gov.in, http// sppp.rajasthan.gov.in, http// eproc. rajasthan. gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Online Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 18-03-2026 (06:00 PM)

| Sr. No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 129/2025-26 | PHE2526WSOB15459 |
| 2 | 130/2025-26 | PHE2526WSOB15460 |
| 3 | 131/2025-26 | PHE2526WSOB15461 |
| 3 | 132/2025-26 | PHE2526WSOB15462 |
| 3 | 133/2025-26 | PHE2526WSOB15463 |

SAVE WATER-SAVE LIFE

DIPR/C/5385/2026

**Executive Engineer,
PHED Division Taranagar
Contact- 98871-81073**

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड - तारानगर (राजस्थान) 331304

exennphed trn@rediffmail.com eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक 2644-54 दिनांक 11.03.2026

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Offline tenders are hereby invited on behalf of the Honble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www. dipr. rajasthan. gov.in, http//sppp.rajasthan.gov.in, and http// eproc. rajasthan. gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Offline Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 18-03-2026 (02:00 PM)

| Sr. No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 134/2025-26 | PHE2526WSOB15464 |
| 2 | 135/2025-26 | PHE2526WSOB15465 |
| 3 | 136/2025-26 | PHE2526WSOB15466 |

SAVE WATER-SAVE LIFE

DIPR/C/5386/2026

**Executive Engineer,
PHED Division Taranagar
Contact- 98871-81073**

## कुण्ड में गिरने से युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव मालपुर में शुक्रवार की देर शाम 27 वर्षीय युवक की कुंड में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कुंड से बाहर निकलवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां शनिवार को मर्ग दर्ज होने के बाद पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनो के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने बताया कि मालपुर निवासी 45 वर्षीय पालाराम मेघवाल ने रिपोर्ट दी कि उसका 27 वर्षीय पुत्र मुकेश मवेशियों को चराने के लिए गांव के गोगाणा जोहड़ पर गया था। जब शाम को वह घर नहीं लौटा, तो उसकी तलाश की। इस दौरान जोहड़ में बने कुंड के पास चप्पल दिखाई दी और दरवाजा खुला हुआ था, जिस पर टॉर्च की रौशनी से देखा, तो मुकेश का शव पानी में तैरता हुआ मिला। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## रोजा इफ्तार की दावत का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** मदरसा मक्का मस्जिद अंजुमन कमेटी की नौजवान कमेटी ओर से वार्ड न. 57 में रोजा इफ्तार की दावत का आयोजन किया गया। इस्तियाक गौरी ने बताया कि इस अवसर पर मुल्क और विश्व में अमन, चैन, शांति के लिए दुआ की गई। कार्यक्रम में मोहम्मद इदरीश गौरी, सफी खिलजी, सिकन्दर अली खिलजी, अफजल गौरी, हसन भाटी, सलीम आदि ने भाग लिया।

## कांग्रेस आज करेगी विरोध प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि, बाधित सप्लाई और कालाबाजारी के विरोध में कांग्रेस की ओर से रविवार को विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस नेता विद्याधर बेनीवाल ने बताया कि सरकार के खिलाफ रविवार को गांधी चौक में कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदर्शन करके पुतला दहन किया जाएगा।

## किस्त वसूली के लिए निकले युवक की तबीयत बिगड़ने से मौत

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करने वाले एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद उसे राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार रतनगढ़ निवासी प्रमेश्वर प्रजापत ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई भागीरथ (26) पुत्र बीरबलराम, वार्ड नंबर 4 रतनगढ़ का निवासी था और राजलदेसर स्थित आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था। शनिवार सुबह करीब 7 बजे वह रोज की तरह घर से काम पर निकला था। बताया गया कि राजलदेसर से जैतासर गांव में किस्त वसूली के लिए जाते समय अचानक उसे छाती में तेज दर्द हुआ और वह गिर पड़ा। साथ में मौजूद लोगों ने तुरंत उसे राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर राजलदेसर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को रतनगढ़ के राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाकर शव उन्हें सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## *चेक बाउंस मामले में अनाज व्यापारी दोषी, कोर्ट ने सुनाई एक साल की सजा*

### 17.15 लाख रुपए का लगाया जुर्माना

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** चेक बाउंस मामले में एडीजे कोर्ट ने अनाज व्यापारी राकेश माली को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। कोर्ट ने व्यापारी को एक साल की कैद और पीड़ित किसान को 17 लाख 15 हजार रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया है। मामला मालसर गांव निवासी किसान जगदीश सींवर से जुड़ा है। भोजासर छोटा गांव के अनाज व्यापारी राकेश माली पुत्र तुलछाराम माली ने 30 मई 2022 को किसान जगदीश सींवर के खेत से करीब 14 लाख 50 हजार रुपये का ग्वार और मोठ खरीदा था। खरीद के समय व्यापारी ने किसान को पांच दिन में भुगतान करने का वादा किया और पांच दिन बाद की तारीख का चेक दिया था। जब किसान ने वह चेक बैंक में जमा किया तो खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण चेक बाउंस हो गया। इसके बाद किसान जगदीश सींवर ने एडवोकेट ओमप्रकाश बेनीवाल के माध्यम से अदालत में मामला दर्ज करवाया। मामले की सुनवाई के बाद एडीजे कोर्ट ने 13 मार्च को अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने अनाज व्यापारी राकेश माली को एक साल की साधारण कैद की सजा सुनाई। साथ ही अदालत ने आरोपी को आदेश दिया कि वह पीड़ित किसान को मूल राशि सहित कुल 17 लाख 15 हजार रुपये का भुगतान करे।

## श्री पाली शक्ति दादी मंदिर में वाटर कूलर भेंट



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नूआं में मुंबई व कोलकाता प्रवासी शंकर लाल, विश्वनाथ व विनोद की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र व पुत्रवधू, सुनीता व सुनील लोहिया परिवार की ओर से शनिवार को नूआं के पाली सती दादी मंदिर में गर्मियों में शीतल जल के लिए मंदिर परिसर में रास्ते के पास वाटर कूलर भेंट किया गया। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी बाबूलाल शर्मा, सर्व ब्राह्मण एकता मंच के संगठन मंत्री संजय शर्मा, मंदिर के संरक्षक जैल सिंह, पवन डॉक्टर सहित कई लोग शामिल रहे। लोहिया परिवार का कस्बे वासियों ने आभार जताया।

### दिल्ली से खाटूश्याम जी दर्शनों के लिए आ रहे थे श्रद्धालु

## जयपुर-दिल्ली हाईवे पर टायर फटते ही श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 60 घायल 3 रैफर

जयपुर टाइम्स





**पावटा(निस)।** जयपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर शनिवार शाम बड़ा सड़क हादसा हो गया। दिल्ली से खाटूश्यामजी दर्शन के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक निजी बस का टायर फटने से बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर में लगे नीम के पेड़ से टकरा गई और चार स्ट्रीट लाइट पोल तोड़ते हुए सड़क पर पलट गई। हादसे में बस में सवार करीब 60 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें से 3 को गंभीर हालत में कोटपूतली रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार हादसा शनिवार शाम करीब 5 बजे पावटा कस्बे के पास चूना फैक्टरी के समीप हुआ। बस (॥₹ 38 ॎध 1466) दिल्ली से चली थी और जोबनेर स्थित ज्वाला माता मंदिर से श्रद्धालुओं को लेकर खाटूश्यामजी जा रही थी। इसी दौरान पावटा के पास अचानक बस का टायर फट गया, जिससे चालक का संतुलन बिगड़ गया और बस डिवाइडर में लगे नीम के पेड़ से टकराने के बाद दिल्ली-जयपुर रोड पर पलट गई। हादसे के दौरान बस का डीजल टैंक भी फट गया, जिससे सड़क पर डीजल और कांच के टुकड़े फैल गए और कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। दुर्घटना के बाद बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर चीख-पुकार सुनाई देने लगी। सूचना मिलते ही प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के जरिए राजकीय उपजिला अस्पताल पावटा पहुंचाया। पुलिसकर्मियों ने सड़क पर फैले कांच के टुकड़े हटवाए और दमकल की मदद से सड़क पर पानी का छिड़काव कर डीजल को साफ करवाया, जिससे यातायात फिर से सुचारू किया जा सका। घटना की जानकारी मिलने पर पावटा उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा भी मौके पर पहुंचीं और हालात का जायजा लिया। बाद में उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायलों के हालचाल भी पूछे और प्रशासन की ओर से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं राजकीय उपजिला अस्पताल पावटा के पीएमओ एवं मुख्य चिकित्सक डॉ. रवि बंसल ने बताया कि हादसे में करीब 60 श्रद्धालुओं को अस्पताल लाया गया था। अधिकांश को हल्की चोटें आई थीं, जबकि 3 गंभीर घायलों को बेहतर उपचार के लिए कोटपूतली रेफर किया गया। अस्पताल में डॉ. संतोष वर्मा ने मेडिकल टीम के साथ घायलों का उपचार किया। उनके साथ डॉ. अशोक बाज्या सहित अन्य स्टाफ भी उपचार में जुटा रहा। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बाद में पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य करवाया। प्रशासन की ओर से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद चाय-बिस्किट की व्यवस्था की गई और बाद में उन्हें अन्य वाहनों से सुरक्षित दिल्ली के लिए रवाना किया गया।

### स्वच्छता को बनाएं जीवनशैली का हिस्साः सहारण

## राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विधायक ने किया स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को रोड़वेज बस स्टैंड से स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। प्रत्येक नागरिक अपने घर और आसपास के क्षेत्रा को स्वच्छ रखने का संकल्प लेकर अपने परिवेश को स्वच्छ और सुंदर बनाए। इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस अब चैत्रा प्रतिपदा को मनाया जाएगा। राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में समाज के सभी वर्गों को जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और इसकी शुरुआत स्वच्छता अभियान से की गई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की नींव होता है। उन्होंने बताया कि 19, 20 और 21 मार्च को चूरू उत्सव के तहत विभिन्न आयोजन किए जाएंगे, जिनमें आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान राजसखी मेला, ओडीओपी मेला तथा पंच गौरव प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार स्वच्छता और जनजागरूकता पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दिए गए स्वच्छता के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और जन प्रतिनिधियों ने स्वच्छता की शपथ लेते हुए अपने घर, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, आयुक्त अभिलाषा सिंह, विक्रम कोटवाद, अभिषेक चोटिया, सीपी शर्मा, सुरेश सारस्वत, धर्मेंद्र राकसिया, दीनदयाल सैनी, पूर्णिमा यादव, सुदीप शर्मा, सुनील सोनी, इरफान खान, नरेंद्र कंवल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## रतनगढ़ः राष्ट्रीय लोक अदालत में 3592 मामलों का निस्तारण

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को न्यायालय परिसर में वर्ष की प्रथम 'राष्ट्रीय लोक अदालत' का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान आपसी समझाइश और राजीनामे के माध्यम से लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर पक्षकारों को राहत प्रदान की गई।

### बेंच का गठन और अध्यक्षता

लोक अदालत के सफल संचालन के लिए एक विशेष बेंच का गठन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण जांगिड़ ने की। बेंच में तालुका विधिक सेवा समिति के सदस्य संतोष बाबू इंदौरिया, अधिवक्ता गौतम नाथोलिया तथा राजस्व अधिकारी के रूप में उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार सदस्य के रूप में उपस्थित रहे।

### हजारों प्रकरणों का निस्तारणः

लोक अदालत में न्यायालयों के लंबित मामलों पर गहन विचार-विमर्श कर निर्णय लिए गएः न्यायालय वारः अपर जिला एवं सेशन न्यायालय के 32 तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के 3560 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। पुराने मामलेः 5 वर्ष से अधिक पुराने 9 प्रकरणों तथा 10 लाख रुपये तक के 7 मामलों को सुलझाया गया। विशेष मामलेः वैवाहिक विवादों के 16 तथा प्री-लिटिगेशन के 65 प्रकरणों का निपटारा हुआ। समझौतों के माध्यम से बड़ी धनराशि के विवाद सुलझाए गएः MACT (मोटर दुर्घटना दावा): सर्वाधिक ?83,95,000/- की राशि से संबंधित मामलों का निस्तारण हुआ। NI Act चेक बाउंस से जुड़े मामलों में ?20,10,000/- की राशि पर सहमति बनी। प्री-लिटिगेशनः बैंक व अन्य वसूली मामलों में ?19,70,406/- की वसूली सुनिश्चित की गई। इसके अलावा रेंट मैटर्स के भी दो प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

### अधिवक्ताओं का रहा सक्रिय सहयोगः

लोक अदालत को सफल बनाने में बार एसोसिएशन और स्थानीय अधिवक्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर अधिवक्ता प्रमोद इंदौरिया, आशुतोष पुरोहित, रामअवतार ठठेरा, अनिल कुमार सोनी, लक्ष्मण प्रजापत, खेमाराम प्रजापत, सुरेंद्र जयसवाल, गौरी शंकर हरितवाल, आकाश इंदौरिया सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता और पक्षकार उपस्थित रहे।

## बैंक मैनेजर ने सीपीआर देकर बचाई युवक की जान

### हार्ट अटैक आने पर बेहोश होकर गिरा, अस्पताल पहुंचाया



जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)।** बावड़ी ग्राम पंचायत स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में गुरुवार को युवक को अचानक हार्टअटैक आ गया। बैंक मैनेजर प्रवीण तिवाड़ी की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से युवक की जान बच गई। उन्होंने मौके पर ही युवक को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) दिया। प्रदीप बगड़िया (पुत्र श्याम लाल बगड़िया) अपने पिता के साथ बैंक के काम से आया था। बैंक परिसर में ही अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह अचेत होकर गिर पड़ा। उसे सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी।

### ग्रामीणों ने बैंक मैनेजर की सराहना कीः

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बैंक मैनेजर प्रवीण तिवाड़ी ने तुरंत सीपीआर देना शुरू किया। कुछ ही मिनटों तक लगातार सीपीआर देने के बाद युवक की सांसें फिर से चलने लगीं, जिससे वहां मौजूद लोगों ने राहत महसूस की। इसके बाद युवक को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों ने बताया कि समय पर सीपीआर मिलने से युवक की जान बच गई। घटना के दौरान बैंक में मौजूद ग्राहकों और ग्रामीणों ने बैंक मैनेजर की तत्परता और सूझबूझ की सराहना की। उनका कहना था कि यदि समय पर सीपीआर नहीं दिया जाता तो गंभीर परिणाम हो सकते थे।

## डीआईजी अजय सिंह दो दिवसीय दौरे पर धौलपुर पहुंचे, पुलिस लाइन में सेरेमोनियल परेड का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** उप महानिरीक्षक सुरक्षा राजस्थान जयपुर अजय सिंह (आईपीएस) दो दिवसीय दौरे पर धौलपुर पहुंचे हैं। वे 14 और 15 मार्च को जिले की पुलिस व्यवस्था का वार्षिक निरीक्षण करेंगे। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि डीआईजी अजय सिंह ने शनिवार सुबह पुलिस लाइन धौलपुर पहुंचकर सेरेमोनियल परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। परेड का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने किया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने पुलिसकर्मियों की पीटी का अवलोकन किया तथा पुलिस अधिकारियों द्वारा क्राइम सीन, नाकाबंदी और बलवा की स्थिति में नियंत्रण के डेमो का निरीक्षण किया। इसके अलावा पुलिस की कार्यप्रणाली से जुड़े विभिन्न पहलुओं की भी समीक्षा की गई। दौरे के दौरान पुलिस लाइन में अधिकारियों और जवानों के साथ संपर्क सभा आयोजित की जाएगी तथा जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी भी होगी। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय धौलपुर, पुलिस थानों और वृत्ताधिकारी कार्यालयों का भी निरीक्षण किया जाएगा।

## 3 फुट कद, 21 किलो वजन... फिर भी नहीं टूटा हौसलाः नितीश यादव ने UPSC में 847वीं रैंक हासिल कर रचा इतिहास

जयपुर टाइम्स



**पाटन(निस)।** कहते हैं कि मजबूत हौसला और आत्मविश्वास के सामने बड़ी से बड़ी मुश्किल भी छोटी पड़ जाती है। अहीरवाल क्षेत्र के नांगल चौधरी के गांव खटौटी कला निवासी नितीश कुमार यादव ने इसे सच साबित कर दिखाया है। शारीरिक चुनौतियों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद नितीश ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सेवा परीक्षा में 847वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नितीश कुमार यादव गांव खटौटी कला के पूर्व सरपंच श्रद्धानंद यादव और केला यादव के पुत्र हैं। महज 3 फुट कद और लगभग 21 किलो वजन वाले नितीश बचपन से ही गंभीर बीमारी और असहनीय दर्द से जूझते रहे। डॉक्टरों ने परिवार को यहां तक कह दिया था कि नितीश को पूरी जिंदगी दवाइयों के सहारे ही बितानी पड़ेगी। बीमारी के कारण वे करीब 12-13 वर्ष की उम्र तक स्कूल भी नहीं जा सके।

परिवार और ग्रामीणों के सहयोग से नितीश के जीवन में नया मोड़ आया। गांव के लोगों की सलाह पर परिवार उन्हें सजाड़ा धाम में बाबा त्रिलोक भारती महाराज के शिव मंदिर लेकर गया। वहां से लौटने के बाद नितीश के जीवन में नया आत्मविश्वास जागा और धीरे-धीरे उनका दर्द भी कम होने लगा। इसके बाद उन्होंने पढ़ाई की शुरुआत की।

पढ़ाई के प्रति उनकी लगन इतनी गहरी थी कि उनकी मां उन्हें गोद में उठाकर स्कूल तक लेकर जाती थीं। आर्थिक रूप से साधारण परिवार और शारीरिक कठिनाइयों के बावजूद नितीश ने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने लगातार मेहनत जारी रखी और UPSC की परीक्षा में सात प्रयास किए। आखिरकार अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और संघर्ष के दम पर उन्होंने 847वीं रैंक हासिल कर यह साबित कर दिया कि सच्ची लगन और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

नितीश की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है और उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं। उनका ननिहाल रामसिंहपुरा है और वे 15 मार्च को सुबह 11 बजे अपने ननिहाल पहुंचेंगे, जहां ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य अभिनंदन किया जाएगा।

नितीश की सफलता युवाओं के लिए एक प्रेरणा है कि परिस्थितियां कैसी भी हों, अगर हौसला मजबूत हो तो हर मंजिल हासिल की जा सकती है।